हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अगस्त 2024




अनंतरा में स्वतंत्रता दिवस एवं राखी के अवसर पर ऑफर्स की बरसात
MINIMUM 7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
सब के लिए सब कुछ
Celebrating 1st Anniversary in K.T. Branch
अनंतरा से करो खरीददारी
दुबई लेजाने की जवाबदारी हमारी
₹1699* में कूपन पाओं और दुबई जाओं
यह स्कीम 1 जुलाई 2024 से 14 जनवरी 2025 तक
20 कुपन पर 2 लीटर कुकर
50 कुपन पर मिक्चर ग्राईंडर +2 जार
75 कुपन पर इंडेक्शन
100 कुपन पर 3 पीस सेट ट्राली बैग
200 कुपन पर 5 स्टार पेकेज कान्हा किसली
400 कुपन पर 3 नाईट गोवा
700 कुपन पर 3 नाईट दुबई
Sugar OUR PRICE ₹41
Fortune Chakki Fresh Atta 5.5 Kg MRP* ₹230 OUR PRICE ₹195
Toor Dal Regular OUR PRICE ₹159
Kirti Gold Soyabin Oil 1ltr OUR PRICE ₹100
Sooprlife Refind Sunflower Oil 1Ltr. MRP* ₹119 OUR PRICE ₹99
Fortune HMT Premium Rice OUR PRICE ₹55 KG
MAIDA SOOJI BESAN OUR PRICE ₹33 KG ₹33 KG ₹81 KG
Brooke Bond Red Label Tea 1kg MRP* ₹520 OUR PRICE ₹369
Haldiram Bhujia Sev 1kg MRP* ₹260 OUR PRICE ₹205
Vachan Ghee Jar 1ltr MRP* ₹710 OUR PRICE ₹575
Kishmish Badam 500 gm OUR PRICE ₹99 OUR PRICE ₹319
Parle G Gold 2kg MRP* ₹285 OUR PRICE ₹170
Aakash Besan Ladoo 400gm MRP* ₹220 OUR PRICE ₹90
KISSAN FTK 1.2KG MRP* ₹150 OUR PRICE ₹97
ANANTRA
FEEL THE FREEDOM
HAPPY INDEPENDENCE DAY
OFFER
BUY 1 GET 1 FREE
भारतीय मिठाई, नमकीन, बिस्कुट एवं कुकीज
BUY 1 GET 1 FREE
Saffola Oats 1kg MRP* ₹235 OUR PRICE ₹189
Wagh Bakri Mili Tea 1kg + Bucket Free MRP* ₹450 OUR PRICE ₹369
Patanjali Doodh Biscuit 800g MRP* ₹125 OUR PRICE ₹83
Ferrero Rocher Chocolate 200g 16n MRP* ₹549 OUR PRICE ₹489
Surf Excel Easy Wash Powder 7 Kg MRP* ₹1030 OUR PRICE ₹625
Surf Excel Bar Mpk 4x200g MRP* ₹125 OUR PRICE ₹98
PEARS P&G 5X125G B4G1 MRP* ₹372 OUR PRICE ₹245
Closeup SRH AG EF++ 150G+150G MRP* ₹240 OUR PRICE ₹159
Pepsodent GC Actions 150+150G MRP* ₹204 OUR PRICE ₹139
PONDS BRIGHT BEAUTY / PURE DETOX 200G Facewash MRP* ₹452 ₹572 BUY 1 GET 1 FREE
MIRINDA / PEPSI SOFT DRINK 2.25L MRP* ₹100 OUR PRICE ₹67
Britannia Bournbon 150gm Britannia Marie Gold 250g MRP* ₹40 OUR PRICE ₹33
PIGEON HOT KETTLE 1.5 LTR MRP* ₹1195 OUR PRICE ₹449
Pigeon Digital Air Fryer 1400w MRP* ₹7995 OUR PRICE ₹2999
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. । 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. । 7880008073
Customer Care : 7992 7992 20
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
जगह एवं फैन्चाइज़ी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें:- 7992799220

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## यात्रियों ने कहा- जब लिफ्ट खराब है तो बंद रखें

लिफ्ट के बार-बार खराब होने से यात्रियों को असुविधा हो रही है और समय भी व्यर्थ हो रहा है। शुक्रवार को यात्री के फंसने के बाद अन्य यात्रियों ने भी असुविधा के लिए लिफ्ट मैकेनिक के साथ रेलवे प्रशासन को खरी खोटी सुनाई। यात्रियों ने कहा कि जब लिफ्ट में खराब है तो इसे बंद ही रखें। इसके उपयोग कर यात्रियों को सहूलियत कम दिक्कत ज्यादा हो रही है। मैकेनिक ने कहा कि लिफ्ट का मेंटेनेंस किया गया था, लेकिन फिर से खराब हो गई। दूसरे मैकेनिक ने कहा कि इसका दरवाजा खराब हो चुका है, इसलिए यह बार-बार जाम हो जाता है। लिफ्ट के कारण जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों की किसी दिन ट्रेन भी छूट सकती हैं।



# आफत की लिफ्ट... स्टेशन में नहीं थम रही समस्या, दो दिन बाद फिर फंसी यात्रियों की सांसें

- स्टेशन में मेंटेनेंस के बाद शुरू की थी लिफ्ट, शुक्रवार को फिर फंसे यात्री
- देश के ग्रेड 'ए-1'' स्टेशन में यात्रियों को हो रही असुविधा
- मंगलवार को लिफ्ट बंद होने से लगभग 40 मिनट तक फंसे थे 10 यात्री





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में लिफ्ट की सुविधा यात्रियों के लिए अब आफत बन चुकी है। देश के ग्रेड 'ए-1''स्टेशन में शामिल राजधानी के रेलवे स्टेशन के लिफ्ट में आए दिन यात्रियों की सांसें फंस रही हैं। बीते मंगलवार को एक साथ 10 यात्री के चढ़ने से लिफ्ट अचानक बंद हो गई थी। लगभग 40 मिनट तक यात्री लिफ्ट के अंदर ही गर्मी में फंसे हुए थे। रेलवे प्रशासन ने फिलहाल उस समय लिफ्ट बंद कर दी थी। मेंटेनेंस के बाद जब इसे फिर शुरू किया गया उसके बाद भी यात्री लिफ्ट में फंस रहे हैं। शुक्रवार को एक यात्री प्लेटफार्म एक से फूट ओवरब्रिज में जाने लिफ्ट में ⏭ शेष पेज 14 पर

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप



### निजात अभियान के तहत काउंसिलिंग

**रायपुर।** युवाओं को मादक पदार्थों से मुक्ति दिलाने के साथ ही इनकी अवैध खरीदी बिक्री पर रोक लगाने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर निजात अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उरला पुलिस ने नशे के आदी सात नाबालिगों की काउंसिलिंग की। काउंसिलिंग सायकोलॉजिस्ट की उपस्थिति में की गई। नशे के बादी नाबालिगों के परिजनों को नशामुक्ति केंद्र में भेजने की सलाह दी गई।

### चौकीदारी की आड़ में गांजा बिक्री

**रायपुर।** फार्म हाउस की आड़ में गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी जुगराज यादव को विधानसभा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास प्लास्टिक की बोरी में 1.20 लाख का गांजा और ग्राहक मिलने पर उसे तौलकर बेचने के लिए रखा तराजू जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस नशे की बिक्री रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

निरस्ती के बाद अहातों का रीटेंडर नहीं होने से हर महीने शासन को लाखों-करोड़ों रुपयों का हो रहा नुकसान

# नहीं मिली सरकारी जमीन, ठेका भी महंगा, मुश्किल हो रहा अहाता चलाना, सरेंडर करने वालों की संख्या पहुंची 21

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आबकारी विभाग की अहाता खोलने की नीति रायपुर जिले में फेल साबित होती नजर आ रही है। अहाता का ठेका लेने वाले धीरे-धीरे सरेंडर करते जा रहे हैं। जिलेभर में 56 अहातों का ठेका हुआ था। इनमें से 15 अहाता ठेकेदारों ने जुलाई में ही सरेंडर कर दिया था, वहीं अगस्त में और 6 अहाता ठेकेदारों ने सरेंडर किए हैं। इस तरह 21 अहाता अब तक सरेंडर हो चुके हैं। इन सभी अहातों को ठेका निरस्त भी कर दिया गया है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने सरेंडर किए गए अहातों का अब तक रीटेंडर नहीं किया है, जिसके कारण शासन को हर महीने अहातों से मिलने वाले लाखों-करोड़ों रुपयों के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। ⏭ शेष पेज 14 पर



आबकारी विभाग ने जिले में फिर अहातों का ठेका निरस्त किया, अब रीटेंडर

अहातों से ठेकेदार आहत, 94 लाख तक गई थी बोली खर्च नहीं निकला इसलिए फीस नहीं दी, 15 ठेके रद्द

### अब तक इन अहातों का ठेका निरस्त

- देशी गंजपारा कम्पोजिट
- देशी मोवा पंडरी
- देशी कम्पोजिट नेवरा
- देशी खरोरा
- देशी आरंग
- विदेशी सिलतरा
- कम्पोजिट गुल्लू
- विदेशी कुर्रा गुढ़ियारी
- देशी कम्पोजिट ग्राम टंडवा बैकुंठ
- देशी कम्पोजिट लखौली
- विदेशी लालपुर
- देशी रिंग रोड नं.2
- विदेशी जीई रोड
- विदेशी रायपुरा
- विदेशी सरोना मार्ग रायपुरा
- अगस्त में निरस्त हुए अहाता
- देशी सिलतरा
- विदेशी खरोरा
- विदेशी मंदिर हसौद
- विदेशी डूमरतराई पचपेड़ी नाका
- देशी कम्पोजिट उरला रायपुर
- देशी मदिरा माना

### ठेकेदारों को महंगा अहाता और निजी जमीन का किराया पड़ रहा भारी

जिले में 56 जगहों पर अहाता खुला हुआ है, लेकिन सूत्रों के अनुसार इनमें से सिर्फ 13 अहाता ऐसे हैं, जो सरकारी जमीन पर संचालित हैं, जबकि शेष 43 अहाता निजी लोगों की जमीन पर संचालित है। सरकारी जमीन पर संचालित अहाता का ठेका निजी जमीन पर संचालित ठेके की तुलना में महंगा गया है, लेकिन जो अहाते निजी जमीन पर संचालित हैं, उनके ठेकेदारों को जमीन का किराया देने में पसीना छूट रहा है। सूत्रों के अनुसार ठेकेदारों ने जोश में विभाग द्वारा निर्धारित बोली से दो गुना ज्यादा कीमत लगाकर अहाता ले लिया है, लेकिन अब अहाता की लाइसेंस फीस के साथ जमीन का किराया भारी पड़ रहा है।

### लाइसेंस फीस के साथ जमा करनी है प्रतिभूति राशि

आबकारी विभाग की शर्तों के अनुसार अहाता का ठेका 11 माह मई 2024 से अप्रैल 2025 तक के लिए दिया गया है। अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, जिसकी शर्त के अनुसार अहाता चलाने के लिए लाइसेंस फीस के साथ प्रतिभूति राशि यानी जितनी राशि में ठेका लिया है, उस राशि को ठेकेदार को 11 माह में विभाजित कर प्रत्येक माह जमा करना है। हालांकि कुल बोली की 10 प्रतिशत राशि ठेकेदारों से आवेदन के साथ जमा कराई गई थी।

### 21 अहातों का ठेका निरस्त

प्रतिभूति राशि एवं लाइसेंस फीस जमा नहीं करने के कारण अब तक 21 अहातों का ठेका निरस्त किया गया है। इनके लिए रीटेंडर किया जाएगा। जिन अहातों का ठेका निलंबित किया है, उन ठेकेदारों की जमा राशि जब्त कर उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया है।

- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त, आबकारी रायपुर

# सप्ताहभर मिलेगी राहत, जिले में हो चुकी 666 मिमी. बारिश

- दिनभर छाए रहे बादल, दो दिन से बरसे नहीं
- सुधर चुकी है जल स्त्रोतों की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जुलाई के अंतिम और अगस्त के पहले सप्ताह में भरपूर बारिश के बाद मानसून थोड़े आराम की मुद्रा में आ गया है। पिछले दो दिन से शहर में बारिश नहीं हुई है और सप्ताहभर भारी रूप में बरसने की संभावना भी नहीं है। गुरुवार की तरह शुक्रवार को भी बादल छाए रहे, मगर बारिश नहीं हुई। रायपुर जिले में एक जून से लेकर 9 अगस्त तक 666 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 11 प्रतिशत अधिक है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले पंद्रह दिन में हुई बारिश ने सबसे ज्यादा असर उत्तरी हिस्से में डाला है। सरगुजा संभाग में भले ही संकट है, मगर पिछले कुछ सालों की तुलना में स्थिति बेहतर हो चुकी है, जबकि बस्तर में कहीं भारी तो कहीं कम वर्षा वाली स्थिति बनी हुई है। रायपुर में भी जल स्त्रोतों की स्थिति सुधर चुकी है और यहां जिले में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। सावन की शुरुआत में प्रारंभ हुई बारिश के लगातार होने की वजह से दिक्कतें होने लगी थी। दो दिन से पानी नहीं गिरने से लोगों ने राहत महसूस की है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी पांच छह दिनों तक यहां भारी बारिश होने की संभावना कम है। अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# मुख्यमंत्री साय के नाम से फेक आईडी राजस्थान का ट्रैवल्स संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से फेक आईडी बनाकर फेसबुक संचालित करने के आरोप में साइबर रेंज पुलिस ने राजस्थान, अलवर से एक ट्रैवल्स संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को उसका आईपी एड्रेस ट्रेस कर गिरफ्तार किया है। फेक आईडी बनाने में इस्तेमाल ⏭ शेष पेज 14 पर

आरोपी राजस्थान, अलवर से गिरफ्तार



- देश के अलग-अलग राज्यों के कई मुख्यमंत्री के साथ हाई प्रोफाइल लोगों के नाम से आईडी बनाने की जानकारी

### कई अधिकारियों, मुख्यमंत्री के नाम से फेक अकाउंट

साहूकार के घर पुलिस जांच करने पहुंची, तो पाया कि उसने अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ राज्य के साथ अन्य राज्यों के अफसरों के नाम से फेक आईडी के माध्यम से फेसबुक अकाउंट बनाया है। अफसरों की आईडी से साहूकार द्वारा पैसों की मांग किए जाने की बात भी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक अलग-अलग राज्यों की सरकारी वेबसाइट के माध्यम से साहूकार वहां के मुख्यमंत्री और अफसरों की जानकारी हासिल कर फेक आईडी से अकाउंट बनाकर ठगी करने का काम कर रहा था।

## सूने मकान में चोरी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सूने मकान में घुसकर आलमारी से नकदी और सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दूसरे गांव का रहने वाला था और घूमते-फिरते वहां आ गया था। आरंग के कलई गांव में रहने वाले शिवकुमार लोधी की शिकायत पर नारद दास गेंडरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रार्थी मई महीने में अपनी पत्नी के साथ काम करने गया था, इसी दौरान उसके घर में चोरी हो गई थी। पुलिस निशानदेही के आधार पर जांच करते हुए आरोपी तक पहुंच गई।

# नान घोटाला के आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट जेल प्रहरी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नान घोटाला के आरोपी रोशन चंद्राकर को रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर वीआईपी ट्रीटमेंट देने वाले जेल प्रहरी लखन लाल जायसवाल के खिलाफ जेल के एक अन्य प्रहरी की शिकायत पर गंज थाना की पुलिस ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है। जेल प्रहरी के खिलाफ एफआईआर का आधार सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को बनाया गया है। जेल प्रहरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 223, 258 तथा कारागार ⏭ शेष पेज 14 पर

- सोशल मीडिया में वायरल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर



नान घोटाले के आरोपी को सितारा होटल में दिया वीआईपी ट्रीटमेंट

सिपाही उसके बच्चों को मॉल घुमाता रहा

### जेल डीजी को निर्देश जारी करना पड़ा

नान घोटाला के आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने का मामला सामने आने के बाद जेल डीजी राजेश मिश्रा ने पांच अगस्त को सभी जेलों के लिए एक निर्देश जारी किया। जेल डीजी द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक जेल के बंदियों को नियम विरुद्ध सुविधा उपलब्ध कराने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सीजीपीएससी घोटाला

# छापेमारी के बाद कई सीबीआई दफ्तर तलब

- सीजीपीएससी घोटाला को लेकर तीन दिन पूर्व सीबीआई ने 15 ठिकानों पर की थी छापे की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीपीएससी घोटाला मामले को लेकर सीबीआई की टीम ने तीन दिन पूर्व जिन अभ्यर्थियों तथा प्रशासनिक अफसर, राजनीति से जुड़े लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों को समंस जारी कर पूछताछ तथा बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने जिन लोगों को पूछताछ के लिए तलब किया है, उनमें सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलको, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ल सहित अन्य लोग शामिल हैं। गौरतलब है कि ⏭ शेष पेज 14 पर

### गड़बड़ी का पता लगाने इस तरह की जाएगी जांच

- सीजीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की अफसर जांच कर सकते हैं। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी की रोल नंबर तथा आंसरशीट अलग-अलग समय पर तो नहीं लिखे गए। इस बात की जानकारी जुटाने आंसर शीट की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी।
- फोरेंसिक जांच में यह पता लगाया जाएगा की उम्मीदवारों के ओएमआर, आंसरशीट में एक से ज्यादा पेन या स्याही का उपयोग तो नहीं हुआ है।
- इसके साथ ही चयनित अभ्यर्थियों की हैंडराइटिंग का नमूना लेकर आंसरशीट से मिलान किया जाएगा।

### सांइटिफिक जांच से गड़बड़ी का पता

सीजीपीएसपी परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा आंसरशीट छोड़े गए खाली जगह को बाद में भरने का आरोप है। इसके लिए सीबीआई की टीम संदेही अभ्यर्थियों की हैंडराइटिंग नमूना लेने के साथ उसका मिलान आंसरशीट से करेगी। इस प्रकार किसी तरह की गड़बड़ी का पता फोरेंसिक जांच से संभव है।



## खबर संक्षेप



### लक्ष्मी राजवाड़े ने किया कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में शुक्रवार को प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित रहकर सैकड़ों की संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केंद्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, रूपनारायण सिन्हा, विजयशंकर मिश्रा एवं आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई भी उपस्थित थे।

### बृजमोहन के हटने के बाद बदला जिलों में मंत्रियों का प्रभार



**रायपुर।** राज्य सरकार ने बस्तर संभाग के चार जिलों में मंत्रियों का प्रभार बदला है। दरअसल पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सासंद बनने के बाद मंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद उनके प्रभार वाले जिलों के प्रभार बदले गए हैं। इस प्रक्रिया में जिलों के प्रभार में बदलाव हुआ है। साव को उत्तर बस्तर, कांकेर, शर्मा को बस्तर इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। अब उपमुख्यमंत्री अरुण साव को उत्तर बस्तर का प्रभार दिया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को बस्तर, मंत्री लखनलाल देवांगन कोंडागांव और मंत्री टंकराम वर्मा नारायणपुर के प्रभारी मंत्री बनाए गए हैं। आदेश में साफ किया गया है कि शेष मंत्रियों के जिलों के प्रभार यथावत रहेंगे। जिलों के प्रभारी मंत्री जिला योजना समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के साथ ही संबंधित जिले में जनसंपर्क एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कार्य करेंगे।

# दिल्ली में कोचिंग सेंटर की घटना के बाद छत्तीसगढ़ में भी सतर्कता, होगा सुरक्षा ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली में भूतल पर बने कोचिंग सेंटर में पानी घुसने से तीन छात्रों की मौत के मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ में भी सतर्कता बरती जाएगी। राज्य सरकार के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने कोचिंग सेंटर तथा अन्य सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था बनाने के लिए सुरक्षा ऑडिट करवाने की तैयारी की है।

इस काम के लिए नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत स्तर पर सुरक्षा ऑडिट समिति बनाई जाएगी। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि कोचिंग सेंटर के साथ स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमाघर, सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट करवाया जाएगा।

नगर निगम की सुरक्षा ऑडिट समिति में निकाय के भवन अधिकारी, निकाय के वरिष्ठ अभियंता तथा राजस्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी प्रकार नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुरक्षा ऑडिट समिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, वरिष्ठ अभियंता और निकाय के राजस्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमाघर की भी होगी जांच

### इस तरह होगा सुरक्षा ऑडिट

निर्देश के मुताबिक सुरक्षा ऑडिट के दौरान फायर सेफ्टी की जांच के लिए फायर एक्सटिंग्विशर की उपलब्धता, वैधता तथा संबंधित सामग्री की जांच, फायर अलार्म की जांच, आपातकालीन निकासी योजना और नियमित फायर ड्रिल्स फायर हाईड्रेंट सिस्टम और पानी की उपलब्धता की जांच होगी। संकटकालीन निकासी मार्ग की व्यवस्था में स्पष्ट और सुरक्षित निकासी मार्ग जिसमें कोई अवरोध न हो देखा जाएगा। स्वास्थ्य सुरक्षा की जांच में देखा जाएगा कि पर्याप्त हवादार एवं रोशनी युक्त कमरों तथा वेन्टीलेशन की उचित व्यवस्ता है या नहीं। फर्स्टएड बॉक्स और प्रशिक्षित स्टाफ है या नहीं। गैस सिलेंडर और खतरनाक सामाग्री की सही रखरखाव की स्थिति एवं नियमित जांच, स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। इसी तरह बिल्डिंग सेफ्टी में भवन का नियमित निरीक्षण और संरचनात्मक सुरक्षा है या नहीं। बिजली उपकरणों और वायरिंग की जांच हो रही है या नहीं। लिफ्ट और सीढ़ियों की सुरक्षा और नियमित जांच, भवन अनुज्ञा, भवन पूरा होने की स्थिति में भवन पूर्णता प्रमाणपत्र, स्वीकृत ड्राइंग, ले आउट की जांच होगी। आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना के तहत आपातकालीन नंबर और सीसीटीवी कैमरो की स्थापना की जांच की जाएगी।

### एक माह में देनी होगी रिपोर्ट

सुरक्षा ऑडिट समितियों से कहा गया है कि वे एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट निगम आयुक्त तथा पालिका के सीएमओ के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मुख्य अभियंता को भेजें। इसके साथ ही सुरक्षा ऑडिट करवाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। समितियों से कहा गया है कि वे निर्देश के मुताबिक सुरक्षा ऑडिट करें।

# मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक अपने विधानसभा की तिरंगा यात्रा में रहेंगे

**कल से चार दिनों तक 90 विधानसभाओं में होना है भाजपा का कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने भी स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान सहित कई कार्यक्रम तय किए हैं। 11 अगस्त से प्रारंभ होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए संगठन ने तय किया है कि सभी विधायक, सांसद अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे।

ऐसे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उनके मंत्रिमंडल के मंत्री भी अपने-अपने विधानसभा में निकलने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। चार दिनों में सभी 90 विधानसभाओं में यात्रा निकाली जाएगी। हर विधानसभा में जन प्रतिनिधियों की उपलब्धता के हिसाब से कार्यक्रम के दिन तय होंगे। इसी के साथ हर घर तिरंगा अभियान में प्रदेश में लाखों की संख्या में तिरंगे लगाए जाएंगे। भाजपा का प्रदेश संगठन ने बूथों के लिए 12 लाख से ज्यादा तिरंगे दे रहा है। हर बूथ में 50 तिरंगे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है। हर विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी विधानसभा की यात्रा में तो शामिल होंगे ही, साथ ही वे अन्य विधानसभाओं के भी कार्यक्रम में समय रहने पर शामिल हो सकते हैं। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री अभी अन्य विधानसभाओं में जा सकते हैं। विधायकों के साथ पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भी तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।



### बूथों के लिए तिरंगा संगठन देगा

हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक प्रदेश के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के इस अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाने के लिए घर-घर संपर्क कर हर घर पर तिरंगा फहराने की योजना बनी है। इस अभियान के मद्देनजर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रैली निकाली जाएगी। इस अभियान के दृष्टिगत 11 से 14 अगस्त तिरंगा यात्रा का आयोजन रखा जाएगा जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी। बूथों में लगाया जाना वाला तिरंगा प्रदेश संगठन दे रहा है। इसके लिए 12 लाख से ज्यादा तिरंगों की व्यवस्था की गई है। घरों में तिरंगा लगाने का भी काम होगा। इसके लिए जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी अपने स्तर पर तिरंगों की व्यवस्था करेंगे।

# कोचिंग सेंटर संचालक की शिकायत पर जीएसटी का संयुक्त संचालक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोचिंग सेंटर संचालक की शिकायत पर बिलासपुर संभाग क्रमांक-2 के संयुक्त संचालक दीपक गिरी को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। निलंबन अवधि में अफसर को रायपुर अटैच किया गया है। संयुक्त संचालक को वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर निलंबित किया गया है। कोचिंग सेंटर संचालक ने अफसर के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

■ वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर अफसर को किया गया निलंबित

कोचिंग सेंटर संचालक ने आरोप लगाया है कि संयुक्त संचालक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। कोचिंग सेंटर संचालक ने अफसर पर डराने-धमकाने तथा रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया है। कोचिंग संचालक की शिकायत को मंत्री ओपी चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल निलंबन का आदेश जारी करने निर्देश दिए। गौरतलब है कि मंत्री ओपी चौधरी ने पहले से स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागीय अधिकारियों को केवल राजस्व वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यदि किसी व्यवसायी के साथ प्रताड़ना या परेशानी की शिकायत आती है, तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा।



### मंत्री ने दी सख्त चेतावनी

कोचिंग सेंटर संचालक को धमकाने तथा रिश्वत मांगने की घटना सामने आने पर मंत्री ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया है कि वे अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितताओं या भ्रष्टाचार से दूर रहें। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि व्यापारियों और व्यवसायियों से न्यायपूर्ण और सम्मानजनक तरीके से व्यवहार किया जाए और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या दबाव की घटनाओं को तुरंत रोका जाए।

# पांच महीने बाद फार्मेसी काउंसिल फिर विवादों में, रजिस्ट्रार की नियुक्ति पर सवाल

**आईपीए की शिकायत बिना डिग्री के खुद को बताया बी-फार्मा धारक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रार की नियुक्ति पांच महीने बाद फिर विवादों में आ गई है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव से शिकायत की है कि रजिस्ट्रार बिना डिग्री के खुद को बी-फार्मा योग्यताधारी बताते हैं। इसके अलावा नियम विरुद्ध उनकी नियुक्ति की गई है।

फार्मेसी काउंसिल में पहले आंबेडकर अस्पताल के कंपाउडर को रजिस्ट्रार बनाने का मामला सामने आया था। काफी हो हल्ला और शिकायतों के बाद उसे हटा दिया गया और उसके स्थान पर 14 मार्च को अश्विनी गुर्देकर को रजिस्ट्रार बनाने का आदेश जारी कर दिया गया था। नियुक्ति के पांच महीने बाद गुर्देकर की नियुक्ति पर सवाल उठाया जाने लगा है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन का कहना है कि उनकी नियुक्त नियम विरुद्ध हुई है। आरोप है कि अश्विनी गुर्देकर ने बी फार्मा प्रैक्टिस कोर्स करने का दावा किया है, मगर अब तक उनके द्वारा डिग्री प्रस्तुत नहीं की गई है और इस मामले में विभाग को गुमराह किया जा रहा है। इसके अलावा वे आंबेडकर अस्पताल में तृतीय श्रेणी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि रजिस्ट्रार द्वितीय श्रेणी का पद है। इस मामले की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग से की गई है।

### आईपीए गलतफहमी के शिकार

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने इस मामले में कहा है कि शिकायत करने वाले आईपीए के पदाधिकारी गलतफहमी के शिकार हैं। उन्होंने कहा कि मैं इकलौता शासकीय फार्मासिस्ट हूं, जिसने सीजीएमएससी में पांच साल सहायक प्रबंधक के रूप में सेवा दी है। मेरे पास फार्मेसी का डिप्लोमा जो मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा मंडल (शासकीय) तथा डिग्री जो छत्तीसगढ़ के इकलौते शासकीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकाननद तकनीकी विश्वविध्यालय से विधिवत एवं पूर्व अनुमति प्राप्त करके ली गयी है।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण, आयोग जल्द शुरू करेगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्गों को आरक्षण देने के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग जल्द ही अपना काम शुरू करेगा। यह आयोग ओबीसी की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक, तथा आर्थिक स्थिति का अध्यन करके अपने सुझाव और अनुशंसाएं करेगा। इस आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस आरएस विश्वकर्मा सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

**ये है मामला :** राज्य सरकार ने हाल ही में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया है। यह आयोग इसलिए बनाया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में विकास किशन राव गवली विरुद्ध महाराष्ट्र राज्य केस में पारित निर्णय में व्यवस्था दी गई है कि कोई भी राज्य ट्रीपल टेस्ट की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर सकता है। इसी वजह ये यह आयोग बनाया गया है।




### आयोग करेगा ये काम

यह आयोग राज्य में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक, तथा आर्थिक स्थिति का अध्यन करने के साथ ही शासन के विभिन्न विभाग की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्यन करेगा। राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्यन, राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आकलन तथा इस वृद्धि के उपाय सुझाएगा। इसके साथ ही इस वर्ग के युवाओं के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेगा। पिछड़े वर्ग के सामाजिक शैक्षणिक, तथा आर्थिक कल्याण के लिए अनुशंसाएं करेगा। इसके साथ ही राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण पर अनुशंसा देगा।

### पूर्व आईएएस आयोग के अध्यक्ष

राज्य सरकार ने आयोग का गठन करते हुए आरएस विश्वकर्मा पूर्व आईएएस को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री विश्वकर्मा राज्य सरकार की सेवा में कलेक्टर, कमिश्नर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। आयोग में सदस्य के रूप में नीलांबर नायक सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक, बलदाउ राम साहू पूर्व सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, हरिशंकर यादव, यशवंत वर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य शैलेंद्री परगनिहा अधिवक्ता तथा कृष्णा गुप्ता को सदस्य बनाया है।

## पेज 11 के शेष

### आफत की लिफ्ट...

चढ़ा और लिफ्ट फिर अचानक बंद हो गई, जिसके बाद यात्री घबराने लगा और फिर बाहर लोगों से मदद मांगने आवाज लगाई। इस दौरान मौके पर पहुंची टीम हरिभूमि ने भी लिफ्ट खोलने का प्रयास किया। थोड़ी देर में अन्य यात्री भी लिफ्ट के पास पहुंच गए और सभी ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन नहीं खुला। इस दौरान लिफ्ट के पास भीड़ देखकर मेकैनिक पहुंचा और चाबी से लिफ्ट को खोलने का प्रयास किया। पहली बार में नहीं खुलने से ऊपर की ओर लिफ्ट का दरवाजा खोला, जिसके बाद लिफ्ट ऊपर होकर फिर नीचे पहुंची और दरवाजा खुला, जिसके बाद यात्री को बाहर निकाला गया। इस दौरान लगभग 10 मिनट तक यात्री बिना पंखे के लिफ्ट के अंदर रहा।

**मेंटेनेंस के बाद भी यात्रियों को असुविधा :** रेलवे के मुताबिक 22 जुलाई को मेंटेनेंस कार्य हुआ था, जो मंगलवार को 14 दिन के भीतर फिर से खराब हो गया।रेलवे ने फिर मेंटेनेंस किया और शुक्रवार को फिर यात्री फंस गए। लगातार लिफ्ट का मेंटेनेंस कार्य करने के बाद भी यात्रियों को असुविधा हो रही हैं। मंगलवार को रेलवे ने कहा कि था अधिक यात्री के कारण लिफ्ट का ओवरलोड सेंसर फेल हो गया था। जबकि शुक्रवार को एक ही यात्री चढ़ा हुआ था और लिफ्ट बंद हो गई। लिफ्ट में तकनीकी रूप कई समस्या है, जो मेंटेनेंस के बाद भी नहीं सुधर रही है। इधर रेलवे लिफ्ट के पीछे सालभर में लाखों रुपए खर्च कर यात्रियों को अच्छी सुविधा नहीं दे पा रहा है।

### नहीं मिली सरकारी...

रीटेंडर में देर, हर महीने लाखों-करोड़ों का नुकसानः विभागीय कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जिले में सरेंडर हुए 21 अहातों का रीटेंडर होना है, लेकिन इनमें 15 अहातों का ठेका 15 जुलाई के पहले ही निरस्त हो चुका है, बावजूद इन अहातों का रीटेंडर निकाला नहीं गया है। रीटेंडर नहीं होने के कारण शासन को हर महीने अहातों से होने वाले राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

### नान घोटाला के आरोपी...

अधिनियम 54 के तहत पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व दो अगस्त को रोशन चंद्राकर को जेल प्रहरी लखन सेंट्रल जेल से उपचार कराने लेकर गया था। इस दौरान जेल प्रहरी ने रोशन को उपचार कराने की जगह जेल रोड स्थित होटल वेलिंगटन ले गया। होटल में रोशन अपने परिजनों के साथ मेल जोल करता रहा। इसी दौरान जेल प्रहरी ने रोशन को अपने अभिरक्षा में छोड़ उसके बच्चों को सैर कराने सिटी सेंटर ले गया। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में गुरुवार को वायरल कर दिया। गंज थाना में एफआईआर दर्ज कराने वाला जेल प्रहरी चंद्रकांत सिन्हा ने पुलिस को बताया है कि रोशन चंद्राकर को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप में जेल प्रबंधन ने चार अगस्त को निलंबन आदेश जारी किया है।

### मुख्यमंत्री साय के नाम...

मोबाइल पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक मुख्यमंत्री श्री साय की फोटो लगाकर उनके नाम से फेसबुक संचालन करने के आरोप में साहूकार खान को गिरफ्तार किया गया है। साहूकार ने फेक आईडी से मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक अकाउंट बनाकर पांच सौ लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा था। इसके साथ ही उसने कई लोगों को मुख्यमंत्री के नाम से दिशा निर्देश जारी किया था। साइबर सेल की मॉनिटरिंग सेल ने मुख्यमंत्री के नाम से संचालित अकाउंट को संदिग्ध मानते हुए जांच की, तो वह फेक आईडी से संचालित होना पाया गया। इसके बाद रेंज साइबर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर साहूकार का लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार किया।

### छापेमारी के बाद कई...

सीबीआई की टीम ने बुधवार को चयनित अभ्यर्थी तथा उनके परिजनों के घर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम ने अमृत खलको के निवास में उनकी पत्नी, बेटा निखिल तथा बेटी नेहा से पांच घंटे से ज्यादा पूछताछ करने के साथ बयान भी दर्ज किया है। पीएससी में चयनित नेहा तथा निखिल के शैक्षणिक प्रमाणपत्र के साथ लैपटॉप तथा अन्य दस्तावेज जब्ती किया था। वर्ष 2021 में सीजी पीएससी परीक्षा में दोनों भाई, बहन डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए थे। उनका रैंक 13 तथा 17वें स्थान पर रहा। इसी तरह से टामन सिंह सोनवानी के बेटा, बहू तथा कई रिश्तेदारों का सीजी पीएससी में चयन हुआ है। गड़बड़ी छिपाने जाति छिपाने का आरोप है।

**अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की जानकारी :** ओएमआर तथा आंसरशीट की फोरेंसिक जांच करने के साथ ही सीजीपीएससी परीक्षा में अभ्यर्थियों का किस बोर्ड में इंटरव्यू हुआ इस बात की जानकारी सीबीआई जुटाएगी। गौरतलब है कि इंटरव्यू के लिए तीन बोर्ड बनाए गए थे। एक बोर्ड के अध्यक्ष टामन सोनवानी स्वयं थे। इसके अलावा सीबीआई इस बात की भी जानकारी जुटाएगी, जिस बोर्ड में अभ्यर्थी का इंटरव्यू हुआ है। उस बोर्ड के किसी सदस्य के साथ अभ्यर्थी का संबंध तो नहीं है, सीबीआई इस बात की भी जांच करेगी।



















## खबर संक्षेप



### सेल्फ मेकअप और हेयर स्टाइल प्रशिक्षण का समापन

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन संस्था द्वारा गुरुवार को धरसींवा विकासखंड के ग्राम धनेली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में सेल्फ मेकअप एवं हेयर स्टाइल की कक्षा का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण 1 अगस्त से प्रारंभ किया गया था। मेकअप एवं हेयर स्टाइल का प्रशिक्षण याशिका मेथानी ने देते हुए शुरुआती दो दिनों में बेसिक मेकअप के गुण सिखाए तथा दो दिन हेयर स्टाइल के बारे में बताया। समापन के दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, केंद्रीश श्री साहू, शशिकांत साहू, विनोद साहू, भुनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी बाघ एवं हेमा मानिकपुरी मौजूद रहे।

### धोबी समाज कूंरा राज का वार्षिक अधिवेशन कल से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी का आवश्यक बैठक एवं कूंरा राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन धोबी समाज के सामुदायिक भवन धरसींवा में 11 एवं 12 अगस्त को रखा गया है। कूंरा राज अध्यक्ष महेश कुमार निर्मलकर ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह कोर कमेटी की बैठक के बाद दोपहर 2 बजे अतिथियों को आगमन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मलकर करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, मुख्य चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र, प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, चित्ररेखा निर्मलकर, एलआर निर्मलकर, कृष्णकुमार वर्मा, महेश नायक, विजय अग्रवाल, मदन गोयल, वहीदा बेगम, करीम खान, साहिल खान, इकबाल मोहम्मद कुरैशी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

### भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव, शोभायात्रा कल

**रायपुर।** सिंधु विकास समिति गुरु रामदास नगर ईदगाहभाठा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को



समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ सिंधी छेज डांडिया का प्रदर्शन युवा करेंगे। साथ ही सिंधी समाज की 51 महिलाएं-युवतियां सिर पर कलश लेकर बहराणा साहिब के साथ-साथ नगर भ्रमण करेंगी। शोभायात्रा का शुभारंभ गोदड़ीधाम की महंत अम्मा मीरादेवी द्वारा किया जाएगा। सुबह 11 बजे अखंड जोत दर्शन, पूजा-अर्चना शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में होगी। नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन रामकुण्ड स्थित सरोवर में विसर्जन के साथ किया जाएगा। शाम 2 बजे से भोग भंडारा भी होगा।

### ऋणी किसान अब 25 तक करा सकेंगे फसल बीमा



**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा ऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराए जाने की तिथि को 16 अगस्त से बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है, जबकि अऋणी कृषकों के लिए फसलों का बीमा कराने की तिथि 16 अगस्त तक की निर्धारित रहेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पूर्व में 31 जुलाई तक फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने ऋणी और अऋणी किसानों के बीमा कराने की तिथि 16 अगस्त तक कर दिया था। अब भारत सरकार ने ऋणी किसानों को और रियायत देते हुए फसल बीमा कराने की तिथि 25 अगस्त तक बढ़ा दी है।

# बलौदाबाजार आगजनी घटना के बाद प्रशासन भी अलर्ट, अग्निशमक यंत्रों को समय रहते कराया रीफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में हुई आगजनी की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टोरेट में शॉर्ट सर्किट या अन्य किसी भी कारण से आगजनी जैसी घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए अग्निशमक यंत्रों को समय रहते जांच कराते हुए रीफिलिंग करा लिया गया है। वैसे अग्निशमक यंत्रों की हर साल रीफिलिंग कराई जाती हैं, लेकिन इस बार सुरक्षा की दृष्टि से समय से पहले ही यंत्रों की रीफिलिंग करा ली गई है, ताकि आग लगने की स्थिति बनने पर फायर बिग्रेड गाड़ियों के आने के पहले ही इन यंत्रों की मदद से छोटी-बड़ी आग को भीषण रूप लेने से पहले काबू पाया जा सके।

## आगजनी जैसी घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए तैयारी

### सभी दफ्तरों के बाहर लगे अग्निशमक यंत्रों का किया गया रीफिलिंग

कलेक्टोरेट के सभी विभागों में लगे अग्निशमक यंत्रों का रीफिलिंग किया गया है। रिफिलिंग के दौरान सभी यंत्रों में एक साल के बाद की तारीख लिखी गई है, ताकि आगामी वर्ष में इन यंत्रों का समय पर दोबारा रीफिलिंग की जा सके।




### अग्निशमक यंत्रों की लाइफ 5 से 15 वर्ष तक

व्यवसायिक दुकान, भवन व घरों पर आमतौर पर एबीसी अग्निशामक यंत्र लगाए जाते हैं जिनकी एक्सपायरी डेट 5 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की होती है, लेकिन इन यंत्रों का हर साल रीफिलिंग कराना भी जरूरी होता है। इन यंत्रों का रीफिलिंग कराने के बाद इनका उपयोग, रखरखाव और नियमित निरीक्षण भी करना उतना आवश्यक है, जितना आगजनी जैसी घटना होने पर इन यंत्रों का होना जरूरी है।

### कुछ मिनटों में आग ले सकती है भीषण रूप

*कलेक्टोरेट में ऐसे कई विभाग है, जहां पुराने दस्तावेज रखे हुए हैं। शॉट सर्किट की वजह से अगर इन दस्तावेजों में आग लगती है, तो कुछ मिनटों में ही आग भीषण रूप ले सकती है। ऐसे में इन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया जा सकता है।*

### नियमित रीफिलिंग के लाभ

हर साल नियमित रूप से अग्निशमक यंत्र को रीफिलिंग कराने से यह पूरी तरह से चार्ज होता, जिससे किसी भी संभावित आग के खतरे से निपटा जा सकता है। इससे प्रतिष्ठान या घर में मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा बढ़ जाती है। रीफिलिंग कराने से यह पता चल जाता है कि अग्निशमक यंत्र अच्छी स्थिति में काम कर रहा है और आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सकता है। इसके लिए हम आश्वस्त होते है।यहीं नहीं नियमित रीफिलिंग कराने से अग्निशमक यंत्र की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता को बनाए रखने में मदद मिलती है। घर व दफ्तरों में हम बिना डर के काम कर पाते हैं।

## अभी सक्रिय हैं सौ के करीब जनौषधि सेंटर, 500 करने की कवायद

# फिर से क्रियाशील होंगे पीएम जनौषधि केंद्र, धनवंतरी की भी समीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभागीय उदासीनता के बाद बंद अथवा निष्क्रिय हो चुके प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्रों को पुनः सक्रिय करने की तैयारी है। राज्य में इनकी संख्या 500 करने और हेल्थ सेंटरों के साथ सटीक लोकेशन पर दुकान प्रारंभ करने विभागीय मदद भी की जाएगी। इसके अलावा आने वाले दिनों में राज्य में संचालित धनवंतरी योजना की समीक्षा भी की जाएगी। जानकारी के अनुसार राज्य में वर्ष 2015 में प्रधामंत्री भारतीय जनौषधि परियोजना के तहत दो सौ के करीब दवा दुकान खोली गई थी।

■ स्वास्थ्य केंद्रों के साथ सटीक लोकेशन पर खोलने विभागीय मदद भी




पर्याप्त महत्व नहीं मिलने की वजह से धीरे-धीरे इनकी संख्या घटती चली गई और आधी दुकानें या तो बंद हो गईं अथवा निष्क्रिय अवस्था में चली गई थीं। पचास से 70 प्रतिशत कम दामों में लोगों को दवा उपलब्ध कराने वाली इस योजना के तहत राज्य में खोली गई दुकानों को फिर से सक्रिय किए जाने की उम्मीद जागी है। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संकेत दिया है कि इन दुकानों के लिए विभागीय स्तर पर अधिकारियों से चर्चा कर इन दुकानों को फिर से खुलवाया जाएगा। इसके साथ स्वास्थ्य केंद्रों के साथ अन्य स्थानों पर दुकानों के संचालन लिए सटीक लोकेशन की व्यवस्था की जाएगी। आने वाले दिनों में इन दुकानों की संख्या बढ़ाकर पांच सौ के करीब करने और ईडीएल की दवाओं के साथ अन्य जरूरी मेडिसिन की व्यवस्था यहां करने का प्रयास किया जाएगा। राज्य में अभी धनवंतरी योजना के तहत दवा दुकानों के जरिए लोगों को दवा उपलब्ध कराई जा रही है। इनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की भी समीक्षा कर कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### पीएससी में भी खुलेगी

*भविष्य में जनौषधि केंद्रों को उन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी खोले जाने की तैयारी है, जहां उनकी सुविधा नहीं है। राज्य में वर्तमान में 157 सामुदायिक और 768 के करीब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हमर अस्पताल संचालित हैं। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें सस्ते दामों में दवा उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है।*

### तीन बड़े अस्पताल में मौजूद

*वर्तमान में पीएम जनौषधि केंद्र राजधानी के तीन बड़े अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सस्ते में दवा उपलब्ध करा रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल और एम्स में जनौषधि केंद्र का संचालन किया जा रहा है। एम्स में इसके अलावा अमृत फार्मेसी, आंबेडकर अस्पताल में रेडक्रास की दवा दुकान संचालित हो रही है।*

# तहसील में समय पर नहीं हो रहे काम कॉल सेंटर में आने लगी शिकायतें

## महीनेभर से परेशान बच्चों का बना निवास प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तहसील कार्यालयों में समय पर लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। इसकी शिकायतें अब कलेक्टोरेट के समस्या निवारण कॉल सेंटर में आने लगी हैं। दो दिन पहले खरोरा क्षेत्र के ग्राम भड़हा निवासी एक व्यक्ति ने तहसील कार्यालय में अपने दो बच्चों के निवास प्रमाणपत्र बनाने में की जा रही देर की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि महीनेभर पहले बच्चों का निवास प्रमाणपत्र बनाने के लिए पूरे दस्तावेजों के साथ आवेदन किया था। इसके बाद भी तहसील कार्यालय में लगातार उन्हें चक्कर लगवाए जा रहे हैं। इसकी शिकायत कॉल सेंटर में मिलते ही दूसरे दिन दोनों बच्चों का निवास प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से बनाकर दे दिया गया।



### स्कूल में जमा करना था प्रमाणपत्र

भड़हा निवासी योगेश घृतलहरे ने शिकायत में बताया था कि उसके दोनों बच्चों का निवास प्रमाण-पत्र स्कूल में मांगा गया था, लेकिन आवेदन करने के बाद भी बच्चों का प्रमाण-पत्र बनाने में तहसील कार्यालय में देरी की जा रही थी। कॉल सेंटर में शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभाग ने प्रकरण की जानकारी ली और दोनों बच्चों का तत्काल निवास प्रमाण पत्र बनवाया गया।

### दो माह की एक साथ मिली अंशदान राशि

*टिकरापारा निवासी साहिन बानो भी दो माह का अंशदान राशि नहीं मिलने से परेशान थी। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंशदान राशि में जून और मई महीने की उसे नहीं मिल पाई थी, जिससे परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर प्रशासन ने संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देकर दोनों महीने की रूकी अंशदान राशि जारी कराई।*

### रायपुर तहसील में भी चक्कर लगा रहे कई लोग

*रायपुर तहसील में भी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं रोज चक्कर लगा रहे हैं। लालपुर निवासी सोनेश्वर ने बताया कि वह भी करीब दो सप्ताह से तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। पहले कुछ दस्तावेज कम कहकर उन्हें लौटा दिया गया था और बुधवार को जब वे दस्तावेज लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा तो एक घंटे तक दफ्तर का बाबू ही गायब मिला। बाबू जब आया तो आवेदन लेकर उन्हें सप्ताहभर बाद बुलाया गया है।*

# आंबेडकर अस्पताल का पेइंग वार्ड हुआ महंगा, अब देना होगा एक हजार प्रतिदिन

## पेइंग जनरल वार्ड का किराया भी तीन से बढ़कर पांच सौ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारी के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के जनरल वार्ड में असहज महसूस करने वाले मरीजों को अब पेइंग वार्ड के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। पहले एसी कक्ष का किराया 7 सौ था, जिसे बढ़ाकर एक हजार और जनरल कमरे का शुल्क तीन से बढ़ाकर पांच सौ कर दिया गया है। इन वार्डों में एसी की सुविधाओं को भी अपडेट करने की तैयारी की जा रही है। महामारी के दौरान इन पेइंग वार्ड का उपयोग कोरोना के मरीजों के उपचार के लिए किया गया था। आपदा समाप्त होने के बाद इसका उपयोग कम हो रहा था और वहां कमरों में लगाए एसी सहित अन्य समान खराब हो गए थे। इसके साथ ही सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन कक्ष का शुल्क भी बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इस पेइंग वार्ड की सुविधा प्राप्त करने के लिए विभागाध्यक्ष की सहमति और चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सहमति लेना आवश्यक होता है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने




वाले ज्यादातर मरीज मध्यम अथवा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होते हैं, इसलिए इस पेइंग वार्ड का उपयोग कम होता है। इस तरह की सुविधा डीके अस्पताल में भी प्रारंभ करने की है मगर तकनीकी दिक्कतों की वजह से इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। एम्स के साथ राजधानी के तमाम निजी अस्पतालों में हैं, पेइंग वार्ड की सुविधा एक निर्धारित शुल्क के आधार पर मिलती है।

### नहीं सुधरी स्थिति

*अस्पताल के इमरजेंसी द्वार पर बारिश के दौरान बने गड्ढे की परेशानी अब तक नहीं सुधर पाई है। इन गड्ढों में भरा पानी तो सूख गया है मगर अस्पताल के दरवाजे तक एंबुलेंस के पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा जोखिम उन मरीजों के लिए होता जो वेंटिलेटर अथवा ऑक्सीजन की सहारे गंभीर स्थिति में दूसरे अस्पतालों से यहां रिफर होकर आते हैं। इन गड्ढों को पाटने के लिए स्थायी समाधान करने के बजाए अस्पताल प्रबंधन द्वारा कुछ ठेले बजरी लाकर डलवा दिया गया था जो लगातार हुई बारिश से धुल गया और परेशानी जस का तस रह गया।*

### कार्यकारिणी समिति का फैसला

*किराया बढ़ाने का फैसला कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुई थी। संभागायुक्त महादेव कांवरे की मौजूदगी में दो दिन पहले हुई इस बैठक में अस्पताल से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। इसमें पोस्टमार्टम की व्यवस्था सुधारने और टेक्निशियन से संबंधित कमियों को दूर करने का फैसला भी लिया गया था।*

# चौपाटी हटाने, शराब दुकान बंद कराने, बिजली मूल्यवृद्धि वापस लेने धरना



**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, व्यापार उद्योग जगत की परेशानियों को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में चौपाटी निर्माण का विरोध करते हुए आक्रोशित नागरिकों ने इसे बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। भाठागांव की शराब दुकान बंद करने, बुढ़ेश्वर मंदिर से सुंदरनगर स्मार्ट सड़क पूर्ण करने की मांग भी वक्ताओं द्वारा की गई। फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बूढ़ातालाब दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में बन रही चौपाटी को बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कहा कि इस चौपाटी को बनाने के लिए 20 साल में कई प्रयास हुए और हर बार शासन को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा है। भाठागांव में स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने की शराब दुकान और रिंगरोड के सर्विस रोड पर शराब दुकान को तत्काल बंद किए जाने की आवश्यकता है।

# बारिश से ठंडक के बीच स्वाइन फ्लू का खतरा, विभाग ने जारी किया अलर्ट

## जनवरी से लेकर अब तक सामने आ चुके 44 केस, एक्टिव सात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार बारिश और मौसम में आई ठंडकता के बीच स्वाइन फ्लू का जोखिम बढ़ गया है। जनवरी से लेकर अब तक यानी एच1एन1 के कुल 44 केस राज्य में दर्ज किए जा चुके हैं, जिसमें से एक्टिव मरीजों की संख्या अभी सात है। विभाग ने स्वाइन फ्लू को देखते हुए अस्पतालों में इसे लेकर सावधानी बरतने का अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों की मानें, तो स्वाइन फ्लू के मामले अक्सर आते रहते हैं। बिलासपुर में दो लोगों की मौत के बाद थोड़ी चिंता बढ़ गई है। इसे लेकर विभागीय स्तर पर इस संक्रामक बीमारी का इलाज करने वाले जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और सीएमएचओ को पत्र जारी कर सावधानी बरतने के लिए कहा है। इस बीमारी के इलाज के लिए अस्पतालों में पर्याप्त दवा और पर्याप्त सुविधा का ध्यान रखा जाए, ताकि संक्रमण का विस्तार ना हो सके। जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संक्रमित मिलने वालों के क्लोज कांटेक्ट वालों की जांच की जाए और संक्रमितों की ट्रेवल हिस्ट्री की जानकारी ली जाए। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में स्वाइन फ्लू के अभी सात एक्टिव केस है जिसमें से चार बिलासपुर, एक जीपीएम तथा एक जांजगीर-चांपा जिले से संबंधित हैं।



### राजधानी में मिल चुके केस

राजधानी में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। बीते सात माह में यहां 16 लोगों को इससे संक्रमित पाया गया था। इनका इलाज निजी अस्पताल में किया गया था और यहां किसी की मौत नहीं हुई थी। अभी राजधानी में स्वाइन फ्लू का एक्टिव केस नहीं है। इस संक्रमण की वजह से बुखार, खांसी, गले में खराश, ठंड लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द की शिकायत होती है।

### सावधानी बरतना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के उपसंचालक डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि स्वाइन फ्लू संक्रामक बीमारी है। इससे बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाके में मास्क का उपयोग करना चाहिए। संक्रमित लोगों से एक निश्चित दूरी बनाए रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसे लेकर अधिक आयु वालों तथा को-मार्बिडिटी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## मामला शंकर नगर से अवंति बाई चौक जाने वाले मार्ग का

# एटीएम सड़क से दिखे इसलिए कटवा दिया 40 साल पुराना पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ते प्रदूषण को रोकने एक तरफ मां के नाम पेड़ लगाने का आव्हान किया जा रहा है, दूसरी तरफ सरकारी महकमे से जुड़े लोग अपनी सुविधानुसार पेड़ों की कटाई करने में जुटे रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। शंकर नगर से अवंति बाई चौक जाने वाले मार्ग में स्थित बीएसएनएल की एक खाली बिल्डिंग में सेंट्रल बैंक को किराए पर जगह दी गई है। बिल्डिंग में सेंट्रल बैंक जहां एटीएम लगाने की तैयारी कर रहा है, उस जगह एक 40 साल पुराना पेड़ था। राह चलते लोगों को एटीएम मशीन नहीं दिखेगी, इसलिए पेड़ को काट दिया



गया। पेड़ काटे जाने को लेकर वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी तथा आसपास के रहवासियों ने शिकायत दर्ज कराई है कि जिस बीएसएनएल के भवन की दीवाल से सटे पेड़ को काटा जा रहा है, उस भवन में पूर्व में बीएसएनएल के अफसर रहते थे, जो वर्तमान में खाली है। उस भवन में सेंट्रल बैंक की ब्रांच खोली जा रही है। आरोप है कि सेंट्रल बैंक के अफसरों ने बैंक के पास लगे अशोक पेड़ की वजह से एटीएम नहीं दिखने की बात कही, तो बीएसएनएल के अफसरों ने पेड़ को काटने का निर्देश दे दिया। इसके साथ ही पास में और कई पेड़ हैं, उन पेड़ों की मोटी डंगाल को काट दिया गया है।

**// आम सूचना //**
**(ग्राम कुरू, प.ह.न. 27, रा.नि.मं. नवापारा, तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता क्र. 1 श्रीमती मोना अग्रवाल पति श्री दीपक अग्रवाल मुख्त्यार आम दीपक अग्रवाल निवासी- 16/19 बजरंगनगर वाटर टैंक के पास आमापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग से उनके स्वामित्व व आधिपत्य व कब्जे की कृषि भूमि ग्राम कुरू, प.ह.न. 27, रा.नि.मं. नवापारा, तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 1253 रकबा 0.080 हे., खसरा नं. 1257, रकबा 0.560 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.640 हे., विक्रेता क्र. 2 निर्मला देवी अग्रवाल पति बी.डी. अग्रवाल निवासी रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य व कब्जे की कृषि भूमि ग्राम कुरू, प.ह.न. 27, रा.नि.मं. नवापारा तहसील अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 1206 रकबा 0.120, हे खसरा नं. 1207 रकबा 0.070 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.190 हे., जिसे क्रय करने का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा तथा आम सूचना का खंडन मान्य नहीं होगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा । सो सूचना जाने ।

भवदीय
एस.एस. चंदेल,
अधिवक्ता
रायपुर (छ.ग.)
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09/08/2024
मो. 7987865586, 9425519873

**नाम परिवर्तन**
**शपथपत्र**

मै दीपिका सेन (Deepika Sen) पिता श्री बलदेव राज सेन, निवासी- मकान नंबर 23/386, शंकर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग., जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं कि -
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2349 1111 4243 है जिसमें मेरा नाम दीपिका सेन ( Dipika Sen) अंकित किया गया है। जो त्रूटपूर्ण है।
3. यह कि, मेरा सही एवं दस्तावेजी नाम दीपिका सेन (Deepika Sen) है, जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में अंकित है।
4. यह कि, मै अपने उक्त आधार कार्ड में अपना सही एवं दस्तावेजी नाम दीपिका सेन (Deepika Sen) दर्ज करवाना चाहती हूं। तथा मुझे भविष्य में इसी नाम दीपिका सेन (Deepika Sen) से जाना पहचाना एवं पढा जावे।
5. यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रही हूं। शपथकर्ती

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथकर्ती सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त दी गई संपूर्ण वर्णित कथन सत्य एवं सही है जिस पर मैने आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।
रायपुर छ.ग.
दिनांक - 09.08.2024 सत्यापनकर्ती

## खबर संक्षेप



### पेड़-पौधे जीवों के रक्षक इसलिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा प्रदेश स्तर पर निरंतर पौधारोपण कार्य जारी है। संस्था के सदस्य राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पौधारोपण कर चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा कि वृक्ष एक प्राकृतिक वेंटिलेटर है, किंतु दुर्भाग्य की बात है, जो वृक्ष इंसानों, जीव-जंतुओं को सुरक्षा प्रदान करते हैं, इंसान उसी पर्यावरण का नाश कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि हम मौजूदा मुद्दों की गंभीरता को पहचानें और अपने ग्रह तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रभावों को कम करने ठोस प्रयास करें एवं ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इस संबंध में मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि इस कड़ी में संस्था द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुआ, चौघड़िया तालाब, डीडीनगर सखी सहेली गार्डन, प्रियदर्शनी नगर, गजराजबांध बोरियाखुर्द, दिव्यांग पब्लिक स्कूल न्यू राजेंद्र नगर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पौधारोपण किया गया है।

### इन वार्डों में लगेंगे आज जनसमस्या निवारण शिविर

**रायपुर।** जनसमस्या निवारण शिविर अभियान के तहत शनिवार को वार्ड 45 के गंगाराम सामुदायिक भवन, वार्ड 70 के पार्षद कार्यालय सरोना एवं वार्ड 51 के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में वार्ड में रहने वाले लोग अपनी विभिन्न समस्याओं का निराकरण करा पाएंगे। विदित हो कि 27 जुलाई से 8 अगस्त तक रायपुर नगर निगम के वार्डों में लगाए गए शिविरों में कुल 19290 आवेदन आए थे। इनमें से 15474 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया है। शिविरों में 2224 आय प्रमाणपत्र, 438 श्रमिक पंजीयन, 2013 आयुष्मान कार्ड, 489 नए राशनकार्ड, 341 आधारकार्ड तत्काल बनाए गए हैं। इसके अलावा 3057 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा 70 स्थानों पर नई लाइट लगाई गई है।

### ईश्वर बने अध्यक्ष अवधेश उपाध्यक्ष



**रायपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी समर्पित छग जन चिकित्सा कल्याण समिति की जिला इकाई की मासिक बैठक गत दिनों डॉ. यूके जटवार के निवास में की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन पर्यवेक्षक वरिष्ठ इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉ. अशोक दुबे, डॉ. यूके जटवार, डॉ. हरीश कुराहे की उपस्थिति में किया गया। कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से डॉ. ईश्वर निषाद को अध्यक्ष और डॉ. अवधेश शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, उपसचिव खुशेस्वर मस्करे, कोषाध्यक्ष डॉ. अरुण वर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ. गुलाब साहू, प्रचार प्रभारी डॉ. हीरालाल निषाद, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पुरुषोत्तम मानिकपुरी, डॉ. अंजली सिंह, डॉ. घनश्याम साहू तथा संरक्षक डॉ. अशोक दुबे को चुना गया।

# पुराने और नए स्मार्ट मीटर में एक माह में आधे से एक यूनिट कम ज्यादा होने का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ तेजी से चल रहा है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में हर वर्ग के उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। हालांकि सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदलने में करीब दो साल का समय लगेगा।


अभी प्रदेश में 50 हजार मीटर लगे हैं। पांच फीसदी उपभोक्ताओं के कनेक्शन में पुराने के साथ नए मीटर लगाए जाने हैं, ताकि उपभोक्ता नए मीटरों से संतुष्ट हो सके। पॉवर कंपनी ने करीब ढाई दर्जन ऐसे कनेक्शनों का डाटा दिया है, जिसमें पुराने के साथ नए मीटर लगे हैं। इनमें एक माह की रीडिंग में आधे से एक यूनिट के कम ज्यादा होने का अंतर है। इस अंतर के पीछे का कारण नए मीटरों में यूनिट की खपत के साथ आगे की खपत के लिए पाइंट में खपत का अंकित होना बताया जा रहा है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बिलासपुर, सरगुजा के साथ दुर्ग, बस्तर और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग का काम जीनस कंपनी को मिला है। दोनों कंपनियों ने तीनों संभागों में मीटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया है।

सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम हो रहा है। इसी के साथ दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शन में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। यहां भी काम चल रहा है। प्रदेश में कुल मिलाकर 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### अब तक प्रदेश में घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं के 50 हजार से ज्यादा बदले गए मीटर

#### इस साल प्रीपैड होना मुश्किल

जब दोनों कंपनियों के तीन हिस्सों में किए गए टेंडर में 25-25 हजार मीटर लग जाएंगे और इनका सारा डाटा केंद्र सरकार को भी दिखने लग जाएगा तो कंपनियों को मीटर लगाने के पैसों का भुगतान होने लगेगा। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार तय करेगी कि जो नए मीटर लगे हैं, उनको पोस्टपैड रखना है या इनको प्रीपैड करना है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है, अभी कनेक्शन प्रीपेड करने में समय लगेगा। पहले तो यह देखा जाएगा कि मीटर पूरी तरह से सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं। सभी तरह की समस्या का समाधान होने के बाद ही प्रीपैड कनेक्शन करने पर विचार होगा। इसी के साथ आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल कम से कम कोई भी कनेक्शन प्रीपैड नहीं किया जाएगा।



#### अभी तो ठीक काम कर रहे मीटर

अभी जिन उपभोक्ताओं के घरेलू और गैरघरेलू कनेक्शन के मीटर बदले गए हैं, उनमें कई कनेक्शन में पुराने के साथ नए मीटर लगाए गए हैं, ताकि इसका परीक्षण किया जा सके कि नए मीटर ठीक काम कर रहे हैं या नहीं। प्रारंभिक परीक्षण में मीटर ठीक काम कर रहे हैं। इनमें मामूली-सा अंतर आ रहा है। इस अंतर के बारे में मीटर लगाने वाली टाटा कंपनी के साथ ही पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि पुराने मीटर में यूनिट के साथ आगे की खपत के लिए पाइंट में खपत नहीं दिखती है, लेकिन नए मीटरों में यूनिट के साथ पाइंट भी दिखता है। ऐसे में आधे से एक यूनिट के कम ज्यादा होने का अंतर अभी नजर आ रहा है, लेकिन यह अंतर तब नहीं रहता, जब दोनों मीटर का पाइंट वाला कॉलम देखा जाता है। लाखों पुराने मीटर में पाइंट वाला कॉलम है, लेकिन वह खपत के साथ दिखता नहीं है, लेकिन जो ज्यादा पुराने लाखों मीटर हैं, उनमें जरूर यह पाइंट वाला कॉलम नहीं है।

## बिरगांव निगम ने पहले फेज के लिए किया सर्वे, इसी माह शासन को भेजेंगे प्रस्ताव

# भू-जल को दुरुस्त करने 25 लाख का प्लान एजेंसी 100 बोर में लगाएगी वाटर हार्वेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम क्षेत्र में हर साल गर्मी में सार्वजनिक बोर सूखने की शिकायत रहती है। इसे दुरुस्त करने के लिए अब मास्टर प्लान तैयार करते हुए पहले फेज में ऐसे 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए सर्वे किया है, जो गर्मी शुरू होते ही भू-जल स्तर घटने से सूख जाते हैं। इस काम को निगम ने एजेंसी से करवाने पर होने वाले खर्च का ब्योरा तैयार करने के साथ ही जिस क्षेत्र के बोर सूखते हैं, उनका भी सर्वे किया है।

राजधानी से सटे बिरगांव निगम के उरला, अछोली, बिरगांव, रावांभाठा, सरोरा और उरकुरा की अलग-अलग बस्तियों में निगम ने 800 से ज्यादा बोर करवाए हैं। इनमें 400 से ज्यादा बोर हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। इससे वार्ड के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए एमआईसी ने जून में निर्णय लिया कि हर साल 100 बोर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाएगा। इससे हर मौसम में बोर से निकलने वाले अतिरिक्त पानी को हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसे लगाने से पहले सूखने वाले बोर को प्राथमिकता देने का प्रावधान करते हुए निगम ने जल प्रदाय विभाग से सर्वे करवाया है। अब शासन को पहले फेज में होने वाले खर्च के लिए इसी माह प्रस्ताव भेजने की तैयारी है।

#### मोटर की जगह लगाएंगे हैंडपंप

इंजीनियर्स ने सुझाव दिया है कि जिन-जिन स्थानों के बोर में अभी मोटर लगाए गए हैं, उन्हें निकालने के बाद वाटर हार्वेस्टिंग लगाते समय उनमें हैंडपंप लगाया जाएगा। इससे भूमिगत जल का दोहन कम होगा, साथ ही पानी की बर्बादी को भी कम किया जा सकेगा। प्रतिनिधियों ने भी ऐसे सार्वजनिक बोर का चिन्हांकन पहले फेज के लिए किया है। यह प्रक्रिया शासन से बजट की स्वीकृति मिलने के बाद शुरू की जाएगी । ऐसा इसलिए किया जाएगा, ताकि बूंद-बूंद पानी को संचित किया जा सके।




#### अगस्त में ही भेजा जाएगा प्रस्ताव

वार्डों में हर साल गर्मी में सूखने वाले बोर की संख्या 400 से ज्यादा है। बोर में की गई वर्तमान व्यवस्था में बदलाव करते हुए उनमें हैंडपंप व वाटर हार्वेस्टिंग लगाने पर प्रति बोर पर 25 हजार से ज्यादा खर्च होगा। इसे देखते हुए अगस्त में ही शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

- **इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

*25 -25 हजार रुपए होगा खर्च : मिली जानकारी के मुताबिक सभी 40 वार्ड की बस्तियों में नए एवं पुराने मिलाकर पहले फेज के लिए 100 बोर का चयन किया गया है। हर बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की प्रक्रिया पर 25-25 हजार रुपए खर्च होने का प्राकलन इजीनियर्स ने तैयार किया है। इस तरह से सौ बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने पर 25 लाख से ज्यादा खर्च होने वाला है। नई व्यवस्था बनाने पर व्यय बढ़ने पर निगम ने शासन से बजट की मांगने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है, क्योंकि निगम के पास फंड का अभाव है।*

## श्रावणी स्पेशल के 5 स्लीपर कोच में दर्जनभर यात्रियों ने किया सफर गोंदिया से रायपुर तक खाली रही सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- 3 दिन पहले सूचना जारी करने से ट्रेन को जंक्शन स्टेशनों से भी नहीं मिले यात्री

ट्रेनों के लगातार रद्द होने से यात्रियों को एक तरफ कंफर्म सीट नहीं मिल रहा है, तो वही दूसरी ओर रेलवे की स्पेशल ट्रेन में यात्री 60 प्रतिशत से भी कम है। शुक्रवार को 08893 गोंदिया- भागलपुर श्रावणी स्पेशल ट्रेन के स्लीपर कोच में गिनती के यात्रियों ने सफर किया। रेलवे ने तीन दिन पहले ही स्पेशल ट्रेन की सूचना जारी की थी। बहुत कम समय में यह जानकारी मिलने से यात्रियों ने ट्रेन में सफर करने दिलचस्पी नहीं दिखाई। जब यह ट्रेन शुक्रवार को 2:25 मिनट में रायपुर पहुंची, तो इसके 5 स्लीपर कोच में मात्र दर्जन यात्री ही सफर करते नजर आए। ट्रेन की बाकि पूरी सीट खाली थी। यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई इस ट्रेन में गोंदिया से रायपुर तक 6 स्लीपर कोच के यात्रियों बराबर 500 से अधिक सीट खाली रही। यात्रियों को ट्रेन के परिचालन से नुकसान हुआ है।

*बड़े स्टेशनों से भी नहीं मिले यात्री : गोंदिया से भागलपुर तक ट्रेन को 14 स्टेशनों पर स्टॉपेज दिया गया था, जिसमें गोंदिया से रायपुर तक डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग स्टेशन में रूकी, लेकिन यहां से मात्र 10 से 12 यात्री ही स्लीपर में सफर करने को चढ़े। रायपुर से यह संख्या 25 से अधिक होगी। इसके बाद भी ट्रेन 60 प्रतिशत खाली थी। जानकारी मुताबिक तिल्दा नेवरा, भाटापारा में भी गिनती के ही यात्री मिले। छत्तीसगढ़ में ट्रेन का स्टॉपेज अधिक था और यही सबसे कम यात्री भालपुर जाने के लिए मिले । 9 अगस्त को गोंदिया से रायपुर और भागलपुर के लिए इस ट्रेन में 546 सीट खाली थी। शुक्रवार को भी यही स्थिति रही।*

- छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़ा है नकली होलोग्राम का मामला

# नकली होलोग्राम केस में एसटीएफ की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकली होलोग्राम मामले में उत्तरप्रदेश एसटीएफ की कार्रवाई पर होलोग्राम बनाने वाली कंपनी प्रिज्म के संचालक विधु गुप्ता के आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। नकली होलोग्राम का मामला छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़ा है। होलोग्राम बनाने वाली कंपनी के खिलाफ नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एसटीएफ की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद अनिल टुटेजा की मेरठ जेल से रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट करने का रास्ता साफ हो गया है।

गौरतलब है कि शराब घोटले में बड़े पैमाने पर नकली होलोग्राम के इस्तेमाल होने के मामले में ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर, विधु गुप्ता, निरंजन दास सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। नकली होलोग्राम मामले में यूपी एसटीएफ अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी तथा अनवर ढेबर को पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट पर मेरठ लेकर गई थी। अनवर तथा एपी के छोड़ अनिल टुटेजा मेरठ जेल में बंद हैं।

### अनिल टुटेजा को मेरठ से रायपुर सेंट्रल जेल लाने का रास्ता साफ

#### मेरठ कोर्ट ने स्वीकार की याचिका

प्रोटेक्शन वारंट को लेकर अनिल टुटेजा ने मेरठ कोर्ट में याचिका दायर की थी। अनिल टुटेजा की याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि इस कोर्ट में तय तारीखों पर अभियुक्त को उपस्थित कराने की शर्त पर दूसरे कोर्ट में हाजिर होने की अनुमति दी जाती है। कोर्ट के आदेश के बाद अनिल टुटेजा को रायपुर लाने का रास्ता साफ हो गया है।


नकली होलोग्रॉम मामले में अनवर, एपी के बाद अब यूपी पुलिस की गिरफ्त में टुटेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नकली होलोग्रॉम की मदद से दो की जगह चार सौ पेटी खपाते थे

#### इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी अर्जी

नकली होलोग्राम मामले में दर्ज एफआईआर के खिलाफ आरोपियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी अर्जी दाखिल की थी। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नकली होलोग्राम मामले में आरोपियों को यहां भी राहत मिलने की उम्मीद है।

## विधायक का जन्मदिन मनाया, समर्थकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू का जन्मदिन समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में बड़े ही उत्साह से मनाया। विधायक श्री साहू ने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा करने के बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता जन्मदिन मनाने एवं बधाई देने उमड़ पड़े। ईश्वर सोनकर, दिलीप साहू, अर्जुन साहू, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, पार्षद नारद कौशल आदि अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। इनके अलावा रायपुर उत्तर के विधयक पुरंदर मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल तथा संगठन के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

*शहीद वीरनारायण सिंह को किया नमन : रायपुर। छत्तीसगढ़ गाड़ा युवा विंग ने विश्व आदिवासी दिवस पर शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित किया। विंग के अध्यक्ष सचिन बघेल ने बताया कि समाज एवं देशहित में किए गए उनके कार्यों को याद किया गया। साथ ही पौधे रोपकर उनका संरक्षण एवं नदी-तालाब को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी सदाशिव सोनी, मंगल जाल, बजरंग तांडी, सन्नी नायक समेत अन्य सामाजिकजन उपस्थित रहे।*

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## हर घर तिरंगा, शहर में निकली रैली



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर नगर निगम रायपुर ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से की। 15 अगस्त तक इस कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में जनसहभागिता के माध्यम से तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के पहले दिन शहर में तिरंगा रैली निकाली गई।

### बिजनेस साइट

## सुराना भवन में रेडीमेड कपड़ों पर बंपर डिस्काउंट



**रायपुर।** छोटापारा में एचपी गैस एजेंसी के सामने नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास नलघर चौक स्थित सुराना भवन में रेडीमेड गारमेंट सेल के आयोजन में लेडिस, जेंट्स, किड्स जींस, पैंट, शर्ट, टी-शर्ट, वेस्टर्न टॉप, लॉग कुर्ता, वेस्टर्न कुर्ती, जींस शर्ट, टी-शर्ट के अलावा युवतियों के लिए फैंसी कपड़ों की विशाल रेंज डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर बिक्री की जा रही है। सेल को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

सेल सीमित दिनों के लिए है। सेल के संचालक ने बताया कि 700/- से 2500/- तक में बिकने वाली जेंट्स, लेडिस, किड्स ब्रांडेड जीन्स, ट्राउजर्स, जींस, पैंट, कैपरी, 100% कॉटन शर्ट, लोअर, बरमूड़ा, कैपरी, लैगीज, प्लाजो, लोअर, लेडिस जींस, कुर्ती व सूट हज़ारों फ्रेश वैरायटीज के आइटम्स डायरेक्ट मात्र 100/- से 750/- में बिक्री किए जा रहे हैं। आयोजन में 2 पीस जेंट्स टी-शर्ट 300/- में, 2 पीस कैजुअल शर्ट 300/- में, 2 पीस जेंट्स जीन्स 300/- में, 2 पीस जेंट्स ट्राउजर्स 300/- में, 2 पीस फॉर्मल शर्ट 300/- में, जेंट्स लोअर 350/- में, लेडिस वेस्टर्न टॉप 100/- में, लेडिस जीन्स 100/- में, लेडिस कॉटन कुर्ती 100/- में, लैगिज व प्लाजो 100/- में, लेडिस इनर 50/- में, बच्चा टी-शर्ट 200/- में, बच्चा लोअर 200/- में, बेबीटॉप 100/- में, बेबी जीन्स 100/- में, बेबी सूट बाबा सूट 150/- में, वन पीस, जम्प सूट, फ्रॉक सूट 450/- में उपलब्ध है।

इसके अलावा ओरिजनल शर्ट 250 से 350 में, ब्रांडेड जींस 750 में, ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट 250 में उपलब्ध है। यहां ब्रांडेड कुर्ती 350 में, वेस्टर्न टॉप व प्लाजो 250 से 350 में बेची जा रही है। यहां बच्चों के कपड़ों का अनलिमिटेड स्टॉक है, जिनकी कीमत 350 से 550 रुपए तक है। ज्ञात हो कि सेल में रायपुर की ए क्लास जेंट्री के लिए नेशनल व इंटररनेशनल ब्रांड्स के कपड़े उपलब्ध हैं।






04



धोबी पछाड़... दंगल में पहलवानों ने....

## लाइव इवेंट

## देश के 40 ट्रैव्हल ब्लॉगर्स ने देखा छग का पर्यटन, बताएंगे विशेषता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर पर्यटन स्थलों को देशभर में फैलाने के लिए पर्यटन विभाग ने देश के विभिन्न राज्यों से 40 ट्रैव्हल ब्लॉगर्स को आमंत्रित किया गया। इस दौरान एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सभी ब्लॉगर को छत्तीसगढ़ के पर्यटन से जुड़ी जानकारी दी गई। इसके अलावा प्राचीन इतिहास से भी अवगत कराया गया। ब्लॉगर्स ने बताया कि लोगों के बीच अब भी यह अवधारणा बनी हुई थी कि छत्तीसगढ़ एक नक्सल प्रदेश है, लेकिन पर्यटन और संस्कृति को जानने के बाद अब लगता है कि यह अवधारणा पूरी तरह से अलग है। अब हम सोशल मीडिया के जरिए इस भ्रम को दूर करने का प्रयास करेंगे। छत्तीसगढ़ का पर्यटन बेहद खूबसूरत है। दूसरे राज्यों की तरह यहां अच्छी सुविधाएं भी हैं।

### दोनों दिनों तक बस्तर भ्रमण

पर्यटन विभाग की ओर से सभी ब्लॉगर को बस्तर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। दो दिनों तक गंगरेल बांध से लेकर टाटामारी, कांकेर वैली, कोंडागांव में बस्तर और जबलपुर के जंगलों और पर्यटन स्थलों को दिखाया गया। इस दौरान ब्लॉगर ने इनकी जानकारी लेकर ब्लॉग भी बनाया है, जिसे इंस्टाग्राम और यूट्यूब के जरिए लोगों को बताएंगे। जिन ब्लॉगर्स को बुलाया गया, उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में लाखों फॉलोवर्स हैं। विभिन्न राज्यों से ब्लॉगर्स के पहुंचने से छत्तीसगढ़ का पर्यटन अब देशभर में पहुंचेगा।

## सिटी इवेंट

## लोग अच्छा काम करने के साथ गुणों का बखान भी स्वयं करते हैं



**रायपुर।** जैन धर्म में रात्रि भोजन का त्याज्य है। सूरज ढलने से 45 मिनट पहले से कुछ भी ग्रहण नहीं करना है। चातुर्मास की अवधि में भी लोग इस नियम की पालन करें, तो उनके अपने ही उन्हें रोक देते हैं। ऐसा बोलने वालों को मंथन करने की जरूरत है। क्या समाज के लिए हम अच्छा उदाहरण पेश कर रहे हैं? जीवन ऐसा जियो कि दूसरों के लिए उदाहरण बन जाओ। यहां तो जो उदाहरण बनने की ओर अग्रसर है, उन्हीं की टांग खींची जा रही है। विनय कुशल मुनिजी महाराज साहब के सानिध्य में एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मास में विराग मुनि ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि धर्म की बात आए तो धन की चिंता मत करो।

### हाथ से नहीं छूट रहा मोबाइल

परिवार को समय देना जरूरी है। आज 5-जी के युग में लोगों के हाथ से मोबाइल छूट ही नहीं रहा है। दफ्तर में हैं तब मोबाइल, घर में हैं तब मोबाइल। अगर घर आने के बाद भी आप मोबाइल से चिपके रहते हैं, तो यह जान लीजिए कि परिवार आपके लिए जरूरी नहीं है। परिवार को भी समझ जाना चाहिए कि जो व्यक्ति घर के अंदर भी मोबाइल से चिपका हुआ है, वह उनका करीबी नहीं है। आजकल लोगों की या खराबी भी है कि अच्छा काम तो करते हैं, लेकिन अपने गुणों का बखान भी स्वयं करते हैं।

विश्व आदिवासी दिवस : इंडोर स्टेडियम में एकत्र हुआ आदिवासी समाज

# थिरके युवा कदम... झूम उठी आदिवासी संस्कृति

आदिवासी समाज ने शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल होने प्रदेशभर से समाज के नेता व सदस्य राजधानी पहुंचे। इस दौरान ज्यादातर लोगों ने आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में हिस्सा लिया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।



**रायपुर।** युवा कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ आदिवासी नृत्य दंडामी माड़िया और मुरिया जनजाति का माओ पाटा नृत्य पेशकर आदिवासी कला और संस्कृति की छटा कार्यक्रम में बिखेरी। पारंपरिक वेशभूषा में पेश किए गए कार्यक्रम का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। कलाकारों ने प्रस्तुति के जरिए नृत्य की विशेषताओं के बारे में भी बताने का प्रयास किया गया। आदिवासी धनुष नृत्य के साथ कर्मा और सुआ ने भी लोगों को मन मोह लिया।

### सैकड़ों की संख्या में लोग बने रैली का हिस्सा

कार्यक्रम से पहले आदिवासी समाज के नेताओं और सदस्यों विशाल रैली निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। रैली में ज्यादातर लोग पारंपरिक वेशभूषा में थे। इस दौरान कलाकार समूह बनाकर रैली में नृत्य करते दिखाई दिए। हाथों में आदिवासी समाज का झंडा लिए विभिन्न जिलों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अरविंद नेताम ने संयुक्त राष्ट्र संघ को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देशभर में गांव-गांव में लोग इस कार्यक्रम को भव्य रूप में मना रहे हैं।





### नई पीढ़ी को मिलेगा सीखने का मौका

कार्यक्रम में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि विश्व आदिवासी पर हुए आयोजन से नई पीढ़ी को सीखने और समझने का मौका मिलेगा। नई पीढ़ी के लोग अपनी संस्कृति के करीब आएंगे। इस कोशिश से हम अपनी संस्कृति को भी सहेज पाएंगे।



### आदिवासी परिधानों में पहुंचे छात्र, पूजे गए कुलदेवी-देवता

**रायपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में आदिवासी परिवार द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां विद्यार्थी आदिवासी वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत कुलदेवी-देवता के आदिवासी रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. प्रवीण जोशी, आयुष पंजीयन बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, ड्रग टेस्टिंग लैब के कंट्रोलर डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला, काय-चिकित्सा के प्रोफेसर डॉ. अरुणा ओझा मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए, जिसमें छत्तीसगढ़ी परिधान आकर्षण का केंद्र बना।



त्योहारों की तैयारी... रंगोली एक्सपर्ट्स ने दिए टिप्स, लैंडस्केप रंगोली बनाएंगे प्रतिभागी

## रंगोली बनाते वक्त उंगली को जमीन से दूर रखें, रंगों के सही चयन के लिए जरूरी 'कलर थ्योरी' की जानकारी

**रायपुर।** रंगोली बनाते वक्त उंगलियों को जमीन से दूर रखें। रंगों का सही चयन करें। इसके लिए कलर थ्योरी की समझ होना आवश्यक है।रंगोली से पहले अच्छा स्केच तैयार करना होता है, जिससे व्यक्ति अपनी रंगोली को आकर्षक रुप से तैयार कर सकता है। ये टिप्स रंगोली विशेषज्ञों द्वारा एक सेमिनार में दिए गए। रंगोली के टिप्स लेने के लिए हर उम्र के व्यक्ति पहुंचे रहे। खास बात यह रही कि यहां सारे प्रशिक्षण प्रायोगिक रूप से दिए गए। जो सिखाया गया, उसका लाइव डेमो भी दिया गया।



**पांच रंग से तैयार होंगे अन्य रंग:** वर्कशॉप के दूसरे दिन लैंडस्केप रंगोली बनाने की कला सिखाई जाएगी। जिमसें प्रतिभागियों को केवल पांच रंग के रंगोली का प्रयोग करने को कहा जाएगा। इस दौरान पांच रंग के रंगोली के प्रयोग से अनेक रंग बनाए जाएंगे और उनसे लैंडस्केप रंगोली तैयार की जाएगी। तीसरा दिन पारंपरिक रंगोली बनाई जाएगी। प्रतिभागी अपनी मनपसंद पापरंपरिक रंगोली बना सकेंगे। इसमें प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों व संस्कृति की रंगोली देखने को मिलेगी। कार्यशाला में प्रमोद साहू के साथ रुपेन्द्र साहू, हिरेन्द्र सिन्हा प्रशिक्षक के रुप में मौजूद रहे।

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ, विनायकम वेलफेयर सोसाइटी व छपाक इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में इस रंगोली वर्कशॉप का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला नालंदा परिसर स्थित छपाक इंस्टिट्यूट में रखी गई है। इसका समापन 11 अगस्त को होगा। रंगोली कलाकार प्रमोद साहू व उनकी टीम द्वारा लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन साहू व संगठन महामंत्री कामत साहू ने कहा कि समाज द्वारा विगत कई वर्षों से जनहितकारी कार्य किया जा रहा है। संस्था नवाचार को बढ़ावा देता है। वर्कशॉप में महिलाओं की भागीदारी अधिक है। इसमें कई बुजुर्गों ने भी हिस्सा लिया है।

### तीन तरह की होती है टेक्नीक



रंगोली कलाकार प्रमोद साहू ने बताया, कार्यशाला में केवल 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। वर्कशॉप का संचालन रोजाना सुबह 11 से 1:30 बजे तक किया जा रहा है। रोजाना एक नए विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीम के सदस्य रंगोली के एक-एक बारीक टिप्स को बता रहे हैं, जिससे किसी भी प्रकार की रंगोली आसानी से बनाई जा सकती है। तीन दिनों को अलग-अलग क्रम में विभाजित किया गया है। पहले दिन शुक्रवार को तीन टेक्निक सिखाई गई। पहला कॉमन टेक्निक, दूसरा पींच टेक्निक व तीसरा पेन टेक्निक है। कॉमन टेक्निक से फिलिंग या बड़े हिस्से में लाइन बनाए जाते हैं। पींच टेक्निक का प्रयोग छोटी जगह पर डिटेल वर्क करने के लिए किया जा सकता है। वहीं पेन टेक्निक का प्रयोग बारीक लाइन के लिए किया जा सकता है।

## 'मेरी माटी-मेरा देश' योजना में शहर के विद्यार्थी

**रायपुर।** मेरी माटी-मेरा देश योजना के अंतर्गत 15 अगस्त में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देशभर से विद्यार्थियों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना से 400 कैडेट्स का चयन पूरे देशभर से हुआ है। इसमें 200 पुरुष व 200 महिला वर्ग से हैं।इनमें से 16 कैडेट्स प्रदेश से है। पंडित रविशंकर शुक्ल विवि स्थित सांख्यिकी अध्ययनशाला के छात्र प्रकाश यदु का भी चयन किया गया। धरसीवां निवासी प्रकाश यदु ने बताया, 15 अगस्त से दो दिन पूर्व ही राजधानी दिल्ली में प्रवेश हो जाएगा। यहां लालाकिला, प्रधानमंत्री संग्रहालय व अन्य स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। मेरी माटी-मेरा देश योजना के अंतर्गत मेरा चयन किया गया है। दिल्ली पहुंचने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ औपचारिक मुलाकात करने का भी अवसर मिलेगा।

## अहंकारी व्यक्ति के ज्ञान बुद्धि का हरण होना तय



**रायपुर।** अहंकारी व्यक्ति के बुद्धि और ज्ञान का हरण होना तय है, इसलिए व्यक्ति को इससे बचना चाहिए। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर के सत्संग भवन में जारी श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य पंडित दिवाकर शास्त्री ने यह बात कही। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान गोकुल पहुंच गए। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमने लगे। एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई देते नजर आए। एक-दूसरे को खिलौने व मिठाइयां बाटी। कथा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाडले कन्हैया के जन्म की खुशियां मनाई। इस दौरान पेश भजनों में भक्त झूम उठे। कथा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही।




# सेहत भूमि





## वायरल फीवर से कैसे बचें?

वायरल फीवर, जिसे हिंदी में 'वायरल बुखार' कहा जाता है, एक सामान्य लेकिन कभी-कभी गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो खासकर मानसून और बदलते मौसम के दौरान अधिक प्रचलित होती है। यह बुखार वायरल संक्रमण के कारण होता है और अक्सर यह वायरस के प्रसार से प्रभावित होता है। इस लेख में हम वायरल फीवर के कारण, लक्षण, उपचार, और इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

### वायरल फीवर क्या है?

वायरल फीवर एक प्रकार का बुखार है जो शरीर में वायरस के संक्रमण के कारण होता है। यह एक सामान्य बीमारी है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है, लेकिन इसका सबसे अधिक प्रकोप बच्चों और बुजुर्गों में देखा जाता है। वायरल फीवर आमतौर पर 3 से 7 दिनों तक रहता है, लेकिन कुछ मामलों में यह 10 दिन या उससे अधिक समय तक भी रह सकता है।वायरल फीवर के दौरान शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है, जो कि 99F से 104F के बीच हो सकता है। इसके साथ ही, शरीर में अन्य लक्षण भी दिखाई देते हैं, जो व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली और संक्रमण की गंभीरता पर निर्भर करते हैं।

### वायरल फीवर के कारण

वायरल फीवर मुख्य रूप से वायरस के संक्रमण के कारण होता है। वायरस, बहुत ही छोटे माइक्रोब्स होते हैं, जो शरीर के अंदर प्रवेश कर वहां अपनी संख्या बढ़ाते हैं। वायरस हवा, पानी, भोजन, और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैल सकता है। कुछ प्रमुख वायरस जो वायरल फीवर का कारण बनते हैं, उनमें इन्फ्लूएंजा वायरस, एंटेरोवायरस, राइनोवायरस, और डेंगू वायरस शामिल हैं।

### मौखिक कैंसर

यह दांत रोगों का एक और गंभीर प्रकार है जो मौखिक गुहा, जीभ, होंठ और गले के क्षेत्रों में विकसित हो सकता है। तम्बाकू और शराब का सेवन, और एचपीवी संक्रमण इसके प्रमुख जोखिम कारक हैं।

### वायरल फीवर के फैलने के प्रमुख कारणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. **संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आना :** जब कोई व्यक्ति पहले से ही वायरस से संक्रमित होता है और उसके संपर्क में आता है, तो उसके छींकने, खांसने या छूने से वायरस आसानी से फैल सकता है।
2. **बदलते मौसम :** मौसम में बदलाव, जैसे कि मानसून, सर्दी और गर्मी, वायरल संक्रमण के फैलने की संभावना को बढ़ा देते हैं। ऐसे समय में वातावरण में नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरस तेजी से फैलते हैं।
3. **कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली :** जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, वे वायरल फीवर की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में प्रतिरक्षा प्रणाली का विकास या कमजोर होने के कारण वे इस संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
4. **सार्वजनिक स्थानों पर अधिक समय बिताना :** भीड़-भाड़ वाले स्थान, जैसे कि स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, और बाजार, जहां लोगों का अधिक आवागमन होता है, वहां वायरस आसानी से फैल सकता है।

### वायरल फीवर के लक्षण

वायरल फीवर के लक्षण व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति, और वायरस के प्रकार पर निर्भर करते हैं। लेकिन सामान्यतया, इसके कुछ प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं:-


1. **बुखार :** वायरल फीवर का सबसे सामान्य लक्षण बुखार है। यह बुखार हल्का (100F) से लेकर गंभीर (104F) तक हो सकता है।
2. **सिरदर्द :** वायरस के संक्रमण के कारण सिर में भारीपन और दर्द महसूस होना सामान्य है।
3. **थकान और कमजोरी :** वायरल फीवर के दौरान शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है, जिससे व्यक्ति अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस करता है।
4. **गले में खराश :** गले में खराश और सूजन भी वायरल फीवर का एक आम लक्षण है, जिससे बोलने और निगलने में परेशानी हो सकती है।
5. **मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द :** वायरल फीवर के दौरान मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना आम है। यह दर्द कभी-कभी इतना गंभीर हो सकता है कि व्यक्ति के लिए चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है।
6. **सर्दी-खांसी :** वायरल फीवर के साथ अक्सर सर्दी-खांसी की समस्या भी जुड़ी होती है। यह लक्षण खासकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करने वाले वायरस से संक्रमण के कारण होता है।

### वायरल फीवर से बचाव के उपाय

वायरल फीवर से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं:-

1. **स्वच्छता बनाए रखें :** स्वच्छता का पालन करना वायरल फीवर से बचने का सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएं, खासकर खाने से पहले और किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद।
2. **भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें :** जहां तक संभव हो, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें, खासकर मौसम में बदलाव के दौरान, जब वायरस के फैलने की संभावना अधिक होती है।
3. **संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें :** अगर कोई व्यक्ति पहले से ही वायरल संक्रमण से पीड़ित है, तो उससे दूरी बनाए रखें और उसके साथ संपर्क करने से बचें।
4. **संतुलित आहार का सेवन करें :** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। ताजे फल, सब्जियां, और प्रोटीन से भरपूर आहार आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाएंगे।






VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥



Pre Accredited by NABH

रायपुर का अग्रणी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल!

विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ

जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
हड्डी रोगों की चिकित्सा
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पाईन सर्जरी
ट्रामा केयर
हेड इंजुरी चिकित्सा
पेट रोग एवं सर्जरी
कैंसर रोग एवं सर्जरी
इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
हृदय रोग एवं सर्जरी
श्वसन एवं छाती रोग
मूत्र रोग सर्जरी
वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
दंत रोग एवं मेक्सिलोफेशियल सर्जरी
एक्सरे सोनोग्राफी
किडनी रोग एवं डॉयलिसिस सुविधा
24x7 आपात चिकित्सा
सीटी स्कैन एमआरआई





आयुष्मान भारत, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (उड़ीसा) एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा केशलेस सुविधा

किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध

अत्याधुनिक कैथ लेब सुविधा के साथ एंजियोग्राफी एवं एंजयोप्लास्टी

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

कमल विहार, रायपुर (छ.ग.)

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775

www.vyhospital.in info@vyhospital.in vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur

AdPRAYAS

Shri
# Venkatesh
Superspeciality Hospital

## आपके स्वस्थ धड़कनों के लिए...
# श्री वेंकटेश हॉस्पिटल
## एक बेहतर विकल्प है



## आधुनिक
# कार्डियक केयर संस्थान



# MICS
MINIMAL INVASIVE CARDIAC SURGERY

**अब नहीं है ओपन हार्ट सर्जरी की बाध्यता**

**बाईपास सर्जरी के लिए मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी तकनीक अपनाएं**

मिनिमल इन्वेसिव कार्डियक सर्जरी (MICS) एक उन्नत सर्जिकल तकनीक है। जिसमें छोटे चेरे के माध्यम से सर्जरी किया जाता है।

- हड्डियों को बिना कांटें हार्ट सर्जरी
- न्यूनतम रक्त स्त्राव
- कम दर्द
- जल्द से जल्द स्वास्थय सुधार व अस्पताल से छुट्टी
- ऑपरेशन के बाद 15 दिनों में अपने काम पर वापसी
- डायबिटिक पेशेंट के लिए बेहतर

## हार्ट इमरजेंसी सुविधाएं
- अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट
- आधुनिक कैथलैब
- 45 बेड आधुनिक आईसीयू और सीसीयू
- 24x7 एंबुलेंस सेवा
- जाँच सुविधा (ईको, ईसीजी, टीएमटी, होल्टर मॉनिटरिंग, एबीपीएम)

## उपलब्ध सुविधाएँ
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग
- पेसमेकर इंप्लांटेशन
- बाईपास सर्जरी
- वाल्व रिपेयर एवं रिप्लेसमेंट
- हृदय में छेद की सर्जरी
- वेस्कुलर सर्जरी
- ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट

Khanna

**वरिष्ठ विशेषज्ञ**

**डॉ. कमलकांत आदिले**
एम.डी., डी.एम (कार्डियोलॉजी)
एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट)

**डॉ. चंदेल**
एमसीएच (कार्डियो-थोरेसिक और वैस्कुलर)

वीडियो के माध्यम से जानकारी के लिए QR स्कैन करें

# श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

पता : सी-14, सेक्टर-8ए, कौशल्या विहार, रायपुर (छ.ग.) 0771 310 3333, 7880 081 828


info@shrivenkateshhospital.com | shrivenkateshhospital.in | shrivenkateshsuperspecialityhospital



मां दंतेश्वरी अखाड़ा

## तलवारबाजी-लाठी चालन से बेटियों ने किया हैरान, कुश्ती में पहलवानों ने लंगड़ी फंसाकर किया चित

# धोबी पछाड़... दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम



शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी

नागपंचमी पर दशकों पुरानी परंपरा का पालन पुरानी बस्ती, मठपारा और गुढ़ियारी में किया गया। यहां अखाड़ों में पहलवानों ने अपना दम दिखाया। नन्हे पहलवान और बेटियां भी इसका हिस्सा बनी। कुश्ती के साथ तलवारबाजी, लाठी चालन व भंवरी के साथ कला प्रदर्शन का दौर शुक्रवार देर शाम तक चलता रहा। लाठी चालन व तलवारबाजी करने के लिए उतरे युवा खिलाड़ियों के बीच युवतियों ने भी उस्तादों के सामने चुनौती पेश करते हुए दर्शकों को हैरान किया। दूसरी तरफ खुली कुश्ती के लिए लगाए गए गद्दे पर खिलाड़ी लंगड़ी फंसाते हुए धोबी पछाड़ से पहलवानों को चित करते नजर आए।



**रायपुर।** मठपारा के गणेश चौक में लाठी चालकों, तलवारबाजी और भंवरी के उस्तादों ने पहले गणेश मंदिर में पूजा की। इसके बाद पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर उत्साह से श्रीदूधाधारी मठ स्थित आराध्य देव हनुमानजी की पूजा-अर्चना के लिए रवाना हुए। श्री दूधाधारी अखाड़ा उत्सव समिति के उस्ताद श्याम लाल धीवर व रोशन वैष्णव करतब दिखाने वालों को साथ लेकर भक्तिभाव से पूजा करने के लिए मठ पहुंचे। वहां परंपरा का निर्वहन करने के बाद करीब 45 मिनट तक लाठी चालन, तलवारबाजी के साथ ही भंवरी चालन का सिलसिला चला। इसमें 40 हुनरमंदों ने एक-दूसरे को लाठी चालन के लिए चुनौती दी। यह सिलसिला जब तक चला, लोग अपलक हर फन को निहारने नजर आए।

**नागपंचमी पर अखाड़ों में हुई पूजा, युवतियों ने भी दिखाया दम**

### उस्तादों संग दो-दो हाथ

कला प्रदर्शन के दौरान मठ परिसर में 40 से ज्यादा बच्चे, युवा, उस्ताद और युवतियों ने शिरकत की। इसमें उस्ताद श्याम लाल धीवर, रोशन वैष्णव, सुरेन्द्र शाह और बसंत वैष्णव से सात बेटियों ने भी बारी-बारी से दो-दो हाथ किया। लाठी चालन के बीच एक क्षण के लिए भी ऐसा नहीं लगा कि वे लाठी चालन व तलवार बाजी में उस्तादों से किसी मामले में कम हैं। कला प्रदर्शन के दौरान लाठी से सिर पर नारियल फोड़ने का करतब भी दिखाया। इसके बाद भंवरी के मंजे हुए उस्तादों ने इसका चालन करते हुए दर्शकों को हैरान किया। लोग उनके इस कौशल को कैमरे में कैद करने से भी नहीं चूके। हर किसी ने इसका लुत्फ उठाया।



शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी





मां दंतेश्वरी अखाड़ा

### कुश्ती प्रेमियों का जीता दिल

मां दंतेश्वरी अखाड़ा में बच्चों के बाद 40 से 50 किलो के पहलवानों के बीच दंगल शुरू हुआ। इस दौरान पहलवानों ने एक-दूसरे को चित करने के लिए अपने-अपने दांव का प्रदर्शन किया। अपने उस्तादों द्वारा सिखाए गए दांव-पेंच और धोबी पछाड़ से कुश्ती प्रेमियों का दिल जीता। इनमें पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे खिलाड़ियों की हौसला आफजाई के लिए नगद पुरस्कार दिया गया। इनमें महिला खिलाड़ियों ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए दंगल में हर किसी से वाहवाही लूटी। प्रशंसकों ने उनका मनोबल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बार कुश्ती के दौरान मौसम ने भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया।

## नेत्र लाल भृकुटी विशाला शीश मणि मुख विषम ज्वाला...

रायपुर। श्रावण शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर शिव मंदिरों में भी भक्तों ने विशेष पूजा की। भक्त दूध लेकर पहुंचे रहे। पं.रविशंकर शुक्ल विवि स्थित बंजारी माता मंदिर में श्रद्धालु विशेष रूप से पूजन करने पहुंचे। सांप की भिंभोरी में भी उन्होंने पूजा की। शहर के प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ नाग देव भी पूजे गए। सरोना स्थित शिव मंदिर के पुजारी अनुराग गोस्वामी ने बताया, मंदिर प्रांगण के नजदीक सांपों का बसेरा है। जहां प्रत्येक नाग पंचमी पर भक्तों द्वारा पूजन किया जाता है। वहीं नरहरेश्वर महादेव मंदिर के पं. देवचरण शर्मा ने बताया, नागपंचमी के अवसर पर नाग देवता को विशेष पेड़े का भोग अर्पित किया जाता है। मंदिर के पट 24 घंटे खुले हैं। श्रद्धालु दूध व अन्य पूजन सामग्री के साथ पूजा करने देर रात तक पहुंचते रहे।



बंजारी माता मंदिर, रविवि

### घी से अभिषेक, ताम्र नाग की स्थापना



सुरेश्वर महादेव पीठ के स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया, नागपंचमी के अवसर पर सुबह 4 बजे घी से अभिषेक किया गया। प्रत्येक नागपंचमी के दिन मंदिर में नए तांबे के नाग देवता की स्थापना की जाती है, जिन्हें काजल लगाने की परंपरा है। इस अवसर पर मुख्य भोग व औषधि के रुप में भीगा अंकुरित मूंग नाग देवता को अर्पित किया जाता है। मंदिर में शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया, जहां नाग देवता के स्वरुप में भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए।

### सुंगधित पुष्पों से श्रृंगार

बूढ़ातालाब स्थित बूढ़ेश्वर मंदिर के ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश व्यास व सदस्य राजकुमार व्यास ने नागपंचमी के विशेष पूजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा, सावन के अवसर पर रोजाना विशेष श्रृंगार के बाद मंदिर में पूजन-आरती होती है। लेकिन नागपंचमी के अवसर पर सुगंधित फूलों से नागदेवता का श्रृंगार किया गया। इसमें केकती, मधुकामनी व गंधराज के फूल शामिल रहे। इस दौरान भक्तों की लंबी कतार दर्शनमात्र के लिए देखने को मिली।

### शहर के हर क्षेत्र से आए पहलवान

शुकवारी बाजार में शंकर मंदिर अखाड़े के संरक्षक अमृत सिंह सूर ने बाताया कि दंगल में रामकुंड, रायपुरा, धमतरी, दंतेश्वरी, बढ़ईपारा के साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग से आए महिला-पुरुष खिलाड़ियों को भी मौका दिया। इनके बीच दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक चली जोर आजमाइश के बीच दर्शकों ने उनका मनोबल बढ़ाने की जिम्मेदारी निभाई। आस-पास के लोग पहलवानों की कुश्ती देखने के लिए हर साल की तरह पूरी तैयारी से पहुंचे। इसमें महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए युवतियां भी पहुंची। इस बार राहुल यादव वितेजा, जेके सिंह उप विजेता और रीतेश यादव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। अखाड़े के पदाधिकारियों ने उन्हें नगद पुरस्कार देते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया।



दूधाधारी मठ







मां दंतेश्वरी अखाड़ा



दूधाधारी मठ

### 85 कुश्ती खिलाड़ियों ने दिखाया दम

पुरानी बस्ती के दंतेश्वरी अखाड़े में दोपहर 12 बजे अखाड़े में बनाए गए शिवलिंग की पूजा-अर्चना की गई। मंत्री संतराम वर्मा के विशेष आतिथ्य में 50 युवाओं एवं 35 युवतियों ने खुली कुश्ती में दांव-पेंच लगाए। व्यायाम शाला परिसर में लगाए गए गद्दे पर खिलाड़ियों ने धोबी पछाड़ देते हुए सामने वाले को चित करने हर गुर आजमाया। इसे देखने के लिए दंगल स्थल के आस-पास दर्शकों की भीड़ रही। तीन बजे तक चली इस प्रतियोगिता के दौरान दंतेश्वरी व्यायाम शाला के अशोक पहलवान, दिलीप यद्व, संतराम ध्रुव और पिताम्बर ने लोगों को व्यवस्था से जोड़ने में सहयोग भी किया।